दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
सिर्फ सच...




● नई दिल्ली ।। शुक्रवार 07 जून -2024 | ● वर्ष : 8 अंक : 238 पेज - 08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3




# पीएम मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में जुटेंगे दुनियाभर के नेता

नई दिल्ली। कार्यवाहक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस हफ्ते के आखिर में प्रधानमंत्री पद की शपथ ले सकते हैं। साल 2014 की तरह इस बार भी प्रधानमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह में दुनियाभर के नेता जुटेंगे। इनमें श्रीलंका, नेपाल, मॉरिशस आदि के राष्ट्र प्रमुख शामिल हैं। श्रीलंका के राष्ट्रपति ने शपथ ग्रहण समारोह का निमंत्रण भी स्वीकार कर लिया है।

### श्रीलंका के राष्ट्रपति होंगे शपथ ग्रहण समारोह में शामिल

श्रीलंकाई राष्ट्रपति रानिल विक्रमासिंघे ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में बताया कि उन्होंने नरेंद्र मोदी को बुधवार को लोकसभा चुनाव में भाजपा नीत एनडीए की जीत की बधाई दी। सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा गया कि 'इस जीत से पता चलता है कि भारत के लोगों ने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में तरक्की और समृद्धि में विश्वास जताया है। सबसे करीबी पड़ोसी होने के नाते श्रीलंका की सरकार भारत के साथ संबंधों को और प्रगाढ़ करने की तरफ देख रही है।'

श्रीलंकाई राष्ट्रपति के मीडिया विभाग ने एक अन्य सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि 'दोनों देशों के नेताओं के बीच बातचीत के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रपति विक्रमासिंघे को शपथ ग्रहण समारोह के लिए आमंत्रित किया, जिसे राष्ट्रपति विक्रमासिंघे ने स्वीकार कर लिया।'

### नेपाली पीएम प्रचंड भी हो सकते हैं शामिल

नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्पकमल दहल प्रचंड भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हो सकते हैं। नेपाल के विदेश मंत्रालय से जुड़े सूत्रों ने बताया कि मंत्रालय प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल की दिल्ली यात्रा का कार्यक्रम बनाने में व्यस्त है, जहां वे प्रधानमंत्री मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे। हालांकि मंत्रालय ने बताया कि अभी तक दौरे की पुष्टि होनी बाकी है। जैसे ही तारीख तय हो जाएगी तो औपचारिक एलान कर दिया जाएगा।



नेपाल के प्रधानमंत्री ने मंगलवार को फोन करके पीएम मोदी को लोकसभा चुनाव में जीत की बधाई भी दी थी। दोनों नेताओं के बीच टेलीफोन पर बातचीत भी हुई। साल 2014 में जब प्रधानमंत्री मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में दुनियाभर के नेताओं को आमंत्रित किया गया था, तो नेपाल के तत्कालीन प्रधानमंत्री सुशीला कोइराला भी शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए थे।

### इन नेताओं को भी किया गया आमंत्रित

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शपथ ग्रहण समारोह के लिए मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू और मॉरिशस के प्रधानमंत्री प्रविंद जगन्नाथ को भी आमंत्रित किया गया है। हालांकि अभी तक दोनों नेताओं के भारत दौरे की पुष्टि नहीं हुई है।

### मुलाकात



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। राज्यसभा सदस्य एवं भाजपा राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह से दिल्ली स्थित उनके आवास पर नवनिर्वाचित लोकसभा सांसद गाजियाबाद अतुल गर्ग ने शिष्टाचार भेंट की। इस मौके पर अरुण सिंह ने अतुल गर्ग को जीत मिलने पर बधाई दी। मुलाकात के दौरान भाजपा अध्यक्ष संजीव शर्मा, पप्पू पहलवान एवं राजेन्द्र मित्तल मेदी मौजूद रहे।

# क्या हमेशा सरप्राईज देने वाले अतुल गर्ग को मिलेगा सरकार से प्राईज
## यूपी के टॉप थ्री वोट पाने वाले सांसदों में अतुल गर्ग का नाम

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** अतुल गर्ग सियासत के मंझे हुए खिलाड़ी साबित हुए है और अब वो लगातार रिकार्ड बनाते हुए चल रहे हैं। हालांकि ये रिकार्ड उनके परिवार की परम्परा है। उनके पिता स्व0 डीसी गर्ग के नाम गाजियाबाद का पहला मेयर होने का रिकार्ड है। उनके नाम गाजियाबाद का सीए होने का रिकार्ड है और अब उनके पुत्र अतुल गर्ग ने रिकार्ड की राह पर चलते हुए अपना नाम उस लिस्ट में शामिल करवा लिया है जिसमें वो विधायक से लोकसभा सांसद का सफर करने वाले बने हैं। अतुल गर्ग शब्द जादूगर है और सरप्राईज के मामले में वो हमेशा सबको चौंकाते हैं। पहली बार विधायक बने और पहली बार विधायक बनते ही सरकार में मंत्री बने और सबको सरप्राईज दिया। दूसरी बार विधायक बने लेकिन मंत्री नहीं बने तो कई लोगों को लगा कि पारी का अंत हो गया लेकिन अतुल गर्ग ने दूसरी बार विधायक बनते ही अपना



कॉलेज में मुख्यमंत्री को बुला लिया और फिर सरप्राईज दिया जब दूसरी बार विधायक बने तो बीच विधायकी में लोकसभा का टिकट पा लिया और सांसद बने। इस बार सरप्राइज ये है कि अतुल गर्ग पूरे उत्तर प्रदेश के उन टॉप थ्री सांसद में है जिन्हें सर्वाधिक वोट मिले हैं। ये ग्राफ तब है जब यूपी में बीजेपी मामला लगभग हाफ हो गया है। तब अतुल गर्ग उन सांसदों में है जिन्हें टॉप थ्री में शामिल किया गया है। नोएडा से सांसद महेश शर्मा, रायबरेली से सांसद राहुल गांधी और गाजियाबाद से सांसद अतुल गर्ग को वोट मिले हैं। बताया जाता है कि अतुल गर्ग को तकनीकी रूप से नोएडा के महेश शर्मा से ज्यादा वोट मिले हैं। जीत का अंतर इसलिए बढ़ा है क्योंकि वहां वोट बसपा और सपा में विभाजित हुए हैं और यहां ये वोट बसपा को ना जाकर गठबंधन को कन्वर्ट हो गया। अब सवाल ये है कि क्या गाजियाबाद की राजनीति में सरप्राईज देने वाले अतुल गर्ग को केन्द्र में कोई प्राईज मिलेगा। क्या यूपी में टॉप थ्री सांसदों में स्थान बनाने वाले अतुल गर्ग को केन्द्र की कैबीनेट में स्थान मिलेगा। यूपी से वैसे भी सांसद कम है और अतुल गर्ग वैश्य फैक्टर में भी है सबसे ज्यादा वोट ले जाने वाले सांसदों में हैं। ऐसे में सरप्राईज देने के मास्टर अतुल गर्ग क्या सरप्राईज देते हैं ये शपथ ग्रहण के साथ, मंत्रीमंडल के गठन के साथ पता चल जायेगा।

### डॉली शर्मा के बूथ पर मिले हैं अतुल गर्ग को उनसे पांच गुना अधिक वोट

करंट क्राइम। अतुल गर्ग ने एक और सरप्राईज दिया है और वो ये है कि कांग्रेस सपा गठबंधन उम्मीदवार डॉली शर्मा के बूथ पर उन्हें डॉली शर्मा से पांच गुना अधिक वोट मिले हैं। डॉली शर्मा का बूथ सूर्य नगर में 172 है और यहां पर कांग्रेस सपा गठबंधन उम्मीदवार डॉली शर्मा को 80 वोट मिले हैं जबकि भाजपा उम्मीदवार के रूप में अतुल गर्ग को 450 वोट मिले हैं।

### जब संगठन देगा आदेश इस्तीफा देंगे सौंप

करंट क्राइम। अतुल गर्ग अब शहर विधायक नहीं है अब वो लोकसभा सांसद हैं। ऐसे में वो शहर विधानसभा से कब इस्तीफा देंगे, इसे लेकर करंट क्राइम ने जब सवाल पूछा तो उन्होंने कहा कि अभी संगठन से निर्देश नहीं मिले हैं। जैसे ही निर्देश मिलेंगे इस्तीफा सौंप देंगे। वैसे 15 दिन के अंदर इस्तीफा देना होता है। मैं संगठन से आदेशों की प्रतीक्षा में हूं।

# जब अतुल गर्ग ने संभाला माईक और कहा कुछ भी हो मजा आ गया

### ये उनके शब्दों में था किसी बात का रंज या वो कस रहे थे किसी शख्स पर तंज

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** अतुल गर्ग सियासत के वो चेहरे है जो शब्दों की शालीनता नहीं छोड़ते। गाजियाबाद की राजनीति में जनप्रतिनिधियों के बीच क्या चला है ये किसी से छिपा नहीं है और कई बार कुछ बाते ऐसी होती हैं जिनका जवाब देने के लिए व्यक्ति समय की प्रतीक्षा करता है। शहर विधायक अतुल गर्ग जब लोकसभा सांसद निर्वाचित होने के बाद नवयुग मार्किट वाले कार्यालय में पहुंचे तो यहां उन्होंने माईक संभाला और 3 मिनट 30 सेकंड तक अपनी वाणी से निशाने साधे। उन्होंने कहा कि पद, कद बड़ा होने से जरूरी नहीं है कि बड़प्पन भी उतना ही हो। बड़प्पन छोटे से छोटे में हो सकता है और बड़प्पन किसी कद, पद की अपेक्षा नहीं करता है। फिर अतुल गर्ग ने आभार व्यक्त करते हुए कार्यकताओं से कहा कि



गुरू कमाल कर दिया तुमने, इस जर्रे से जमीन से आफताब पर पहुंचा दिया तुमने, चाहे कुछ भी हो मजा आ गया। अब ये मजा किस बात का आया है ये अतुल गर्ग बताना चाह रहे हैं और उन्होंने फिर से शब्द बाण छोड़े और कहा कि जब सुनील शर्मा कैबीनेट मंत्री बने तो मैंने कहा था ना किसी को परमीशन, ना पैर छूने की जरूरत है। सुनील शर्मा के गले में हाथ डालो और हाथ पकड़कर साइन करा लो, कोई पूछने वाला नहीं होगा। आज सुनील शर्मा की टीम में अतुल गर्ग भी जुड़ गये हैं। पांच विधायक हैं महानगर अध्यक्ष साथ हैं और पुरानी भाजपा एकसाथ मंच पर आ गई है। एक साथ पुरानी भाजपा और मंच ये शब्द बता रहे थे कि शब्दों का पंच कहां है। अतुल गर्ग ने कहा कि जो कार्यकर्ता भारत माता के सम्मान की बात करते हैं, मैं उन्हें नमन करता हूं और फिर उन्होंने कई बातों का उल्लेख करते हुए कार्यकताओं से हाथ जोड़कर प्रार्थना की कि भोजन की व्यवस्था है, कुछ न कुछ खाकर जरूर जाना और ये स्नेह बनाये रखना। आभार व्यक्त करना वो नहीं भूले और फिर कहा कि अहसान मेरे दिल पर तुम्हारा है दोस्तो, ये दिल तुम्हारे प्यार का मारा है दोस्तो।

# पहली बार हुई है नगर निगम में मानसून से पहले नालों की इतनी केयर
## रंग लाई है नगर आयुक्त और मेयर की ये विशेष मुहीम





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** नगर निगम के कार्यकाल में ये साल नालों की सफाई के लिए याद किया जायेगा। महानगर के जिन नालों में हमेशा गाद जमी रहती थी उन नालों की तली झाड सफाई हुई है और ये पहला मौका है जब मानसून से पहले गाजियाबाद के वो बड़े नाले पूरी तरह से साफ हो गये है जिन्हें साफ करना पहले एक चुनौती माना जाता था।

मेयर सुनीता दयाल और नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक की मॉनीटरिंग ने प्लानिंग ने इस बार नालों की ऐसी केयर की है कि मानसून में जलभराव में शहर को निजात मिलेगी। सबसे बड़ी बात ये है कि खुद अधिकारियों ने मौके पर जाकर निरीक्षण किया है। रोम से बालू का सर्वे हुआ है और उसके बाद बताया जाता है कि लोंग कोकलेन मशीन से पहली बार नालों की सफाई हुई है। मानसून से पहले ये नाले साफ हुए हैं और तस्वीरें बता रहीं हैं कि सफाई से पहले नालों का क्या हाल था और सफाई के बाद क्या हुआ है।


पहली बार एक वर्ष में समय से पहले नाले साफ हो रहे हैं। मानसून से पहले निगम तैयार है। नार्थ इंडिया डवलपर्स द्वारा नगर निगम के निदेशों और मानकों के अनुपालन में नालों की तली झाड सफाई का काम अप्रैल माह में शुरू हो गया था।




### शहीद नगर, मुखर्जी पार्क, शाहबेरी और कैला भट्टा जैसे इलाके में हुई है सफाई

करंट क्राइम। बताया जाता है कि इस बार नाला सफाई के काम को निगम अधिकारियों ने एक चुनौती के रूप में लिया और वो नाले साफ हुए जिनमें झाड़ियां उग आईं थी और नाला पूरी तरह बाधित हो गया था। नालों में लोग कचरा बड़ी संख्या में डाल रहे थे। इन नालों में शहीदनगर का नाला, मुखर्जी पार्क के सामने लोहा मंडी का नाला, शनि मंदिर विवेकानन्द नगर का नाला, एएलटी के सामने वाला नाला और हरसांव पुलिस लाइन से पहलवान ढाबे के सामने से गुजर रहा नाला प्रमुख हैं और शाहबेरी के सामने तो नाले में बाकायदा सीढ़ी लगाकर सफाई करायी गई। कोकलेन मशीन से सफाई करायी गई। झाडी और पेड़ो से अटे नालों को साफ कराया गया। आज स्थिति ये है कि मानसून से पहले नाले साफ हो चुके हैं, सिल्ट उठाया जा चुका है।







# चार धाम यात्रा के लिए पंजीकरण कराना होगा अनिवार्य : एडीएम




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** उत्तराखंड में चार धाम यात्रा 2024 हेतु पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा। अपर जिलाधिकारी प्रशासन रणविजय सिंह के माध्यम से प्राप्त सूचना के अनुसार मुख्य सचिव गृह (पुलिस) उ0प्र0 शासन द्वारा उत्तराखंड द्वारा चार धाम यात्रा हेतु तीर्थ यात्रियों के लिए अनिवार्य पंजीकरण व्यवस्था लागू की गई है। इसलिए यह आवश्यक है कि चार धाम यात्रा पर जाने वाले उत्तर प्रदेश के सभी इच्छुक श्रद्धालुजन पंजीकरण कराने के बाद ही वहां जायें। बगैर पंजीकरण यात्रा के जाने पर तीर्थ यात्रियों को असुविधा हो सकती है। उत्तराखंड शासन द्वारा मोबाइल ऐप ट्यूरिस्ट केयर उत्तराखंड पर अनिवार्य पंजीयन की व्यवस्था की गई है। चार धाम गंगोत्री, यमुनोत्री, बद्रीनाथ, केदारनाथ की यात्रा के लिए पंजीकरण कराना जरूरी है। इस यात्रा के लिए जिन यात्रियों ने पंजीकरण प्रक्रिया पूरी नहीं की है ऐसे श्रद्धालुओं को चार धाम की यात्रा ना करने की सलाह दी गई है। ऐसे यात्री जिनका पंजीयन नहीं है वे निर्धारित चैक प्वाईंट पर रोक दिये जायेंगे और उसके आगे नहीं जा सकेंगे। यात्रा हेतु तीर्थ यात्री उन्हीं तिथियों पर यात्रा करें जिसके लिए उन्होंने पंजीकरण कराया है। ये श्रृद्धालुओं की सुविधा के लिए उत्तर प्रदेश के सभी इच्छुक यात्रियों को अवगत कराया जा रहा है।



# भीषण हालात में ऐतिहासिक लड़ाई लड़ी सपा नेताओं का दिल से आभार : प्रियंका गांधी

**लखनऊ।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने उत्तर प्रदेश में इंडिया गठबंधन को मिली चुनावी सफलता को लेकर पहले कांग्रेस कार्यकताओं को सलाम किया और अब उन्होंने अपने सहयोगी दल समाजवादी पार्टी की सराहना की है। उन्होंने एक सोशल मीडिया पोस्ट किया है। इसमें उन्होंने सपा प्रमुख अखिलेश यादव, डिंपल यादव, प्रो. रामगोपाल यादव समेत समाजवादी पार्टी के तमाम कार्यकताओं को बधाई देते हुए लिखा, सपा के मेहनती कार्यकताओं को यूपी के नतीजों के लिए मेरी तरफ से बहुत-बहुत बधाई।



भीषण परिस्थितियों में हम सबने मिलकर एक ऐतिहासिक लड़ाई लड़ी। जमीन पर कांग्रेस और सपा के कार्यकताओं ने हिम्मत से जनता के मुद्दों, सामाजिक न्याय और संविधान की आवाज उठाई। तमाम धमकियों व दमन के बावजूद वे एकजुट होकर लोकतंत्र के प्रहरी बने और बूथ-बूथ पर खड़े रहे। आप सबकी कड़ी मेहनत के चलते हमारी एकजुटता व मुद्दों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता में जनता ने भरोसा दिखाया है। आप सभी को दिल से धन्यवाद। जय जनता। जय संविधान। मुझे गर्व है आप पर और यूपी की जागरूक जनता पर, जिसने इस देश की गहराई और सच्चाई को समझा और हमारे संविधान को बचाने का ठोस संदेश पूरे भारत को दिया। आपने आज की राजनीति में एक पुराना आदर्श फिर से स्थापित किया है कि जनता के मुद्दे सर्वोपरि हैं, इनको नकारने की कीमत भारी होती है। चुनाव जनता का है, जनता ही लड़ती है, जनता ही जीतती है। एक दिन पर पहले राहुल को लेकर किया था भावुक पोस्ट कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने भाई राहुल गांधी को उनकी जीत पर एक भावुक नोट लिखा था।

इसमें उन्होंने राहुल के रायबरेली और वायनाड की दोनों सीटों पर जीत हासिल करने के साथ ही लोकसभा चुनावों में पार्टी की स्थिति में सुधार होने पर उनकी तारीफ की है। अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर प्रियंका ने लिखा, उनके दृढ़ विश्वास पर संदेह करने और उनके खिलाफ झूठ का भारी प्रचार किए जाने के बावजूद, राहुल कभी पीछे नहीं हटे और सच्चाई के लिए लड़ते रहे।

प्रियंका ने उन्हें सबसे बहादुर बताते हुए आगे लिखा, राहुल गांधी ने प्यार, सच्चाई और दयालुता के साथ लड़ाई लड़ी। उन्हें उन पर गर्व है। प्रियंका गांधी ने अपनी पोस्ट में आगे कहा, आप डटे रहे, फिर चाहे उन्होंने आपको कुछ भी कहा हो या आपके साथ कुछ भी किया हो। आप कभी पीछे नहीं हटे, चाहे कितनी भी मुश्किलें क्यों न आई हों, आपने कभी भी विश्वास करना नहीं छोड़ा, चाहे उन्हें आपके विश्वास पर कितना भी संदेह क्यों न हो, आपने झूठ के भारी प्रचार के बावजूद सच्चाई के लिए लड़ना कभी नहीं छोड़ा और आपने कभी भी गुस्से और नफरत को अपने ऊपर हावी नहीं होने दिया, तब भी जब वे आपको हर दिन इसका तोहफा देते थे। उन्होंने आगे कहा, जो लोग आपको नहीं देख पाए, वे अब आपको देख सकते हैं, लेकिन हममें से कुछ लोगों ने हमेशा आपको सबसे बहादुर के रूप में देखा और जाना है। भाई, मुझे आपकी बहन होने पर गर्व है।

### 'कांग्रेस के मेरे सभी साथियों को मेरा सलाम'

इससे पहले उन्होंने अपनी पार्टी के कार्यकताओं को लेकर लिखा, यूपी कांग्रेस के मेरे सभी साथियों को मेरा सलाम। मैंने आपको धूप और धूल में कड़ी मेहनत करते हुए देखा, आप झुके नहीं, आप रुके नहीं, कठिन से कठिन दौर में आपने लड़ने की हिम्मत दिखाई। आपको प्रताड़ित किया गया, आप पर फर्जी मुकदमे लगाये गये, जेल में डाला गया, बार-बार नजरबंद किया गया मगर आप डरे नहीं। कई नेता डर के चले गये, आप टिके रहे।

# भाजपा 2027 में विपक्ष में बैठने लायक भी नहीं बचेगी : अवधेश प्रसाद

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी से फैजाबाद से लोकसभा चुनाव जीतने वाले अवधेश प्रसाद ने भाजपा पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में भाजपा ने सारे हथकंडे अपनाए, लेकिन कुछ कर नहीं पाए। उन्होंने दावा किया कि 2027 में भाजपा विपक्ष में बैठने के लायक भी नहीं बचेगी। भाजपा के पतन की शुरूआत अयोध्या से हो गई है। सपा के नवनिर्वाचित नेता अवधेश प्रसाद ने गुरुवार को पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि जो राम को लाए हैं, हम उनको लायेंगे।



यह नारा पूरी तरह फेल हो गया। राम इस दुनिया में पहले से हैं और हर जगह हैं। राम सबके दिल में पहले से हैं। भाजपा के अहंकार को जनता ने खत्म कर दिया है। 2027 में सपा एक बड़ी जीत दर्ज करेगी। भाजपा विपक्ष में बैठने लायक भी नहीं बचेगी। उन्होंने कहा कि हमारे नेता अखिलेश यादव का विश्वास जनता के बीच बढ़ गया है। हमारी पार्टी देश की तीसरी सबसे बड़ी पार्टी बन गई है।

भाजपा ने चुनाव जीतने में सारे हथियार का इस्तेमाल किया। लेकिन, जनता ने सब कुछ नकार दिया। सपा के रामभक्तों पर गोलियां चलाने के आरोप को लेकर अवधेश प्रसाद ने कहा कि यह मुद्दा बहुत पहले राख हो चुका है। उसके बाद चार बार हमारी सरकार बनी। 2027 में सरकार ऐसी बनेगी कि भाजपा एक तिहाई सीट भी नहीं जीत पाएगी। भाजपा विपक्ष में बैठने लायक भी सीट नहीं पा सकेगी। इनका 2027 में सफाया हो जायेगा। सपा की ताकत बढ़ रही है। भाजपा के पतन की शुरूआत अयोध्या से हुई है। अब वो दिन दूर नहीं, जब सारे देश से यह पार्टी साफ हो जाएगी। बता दें कि रामनगरी में भाजपा बड़ी जीत की उम्मीद लगाए बैठी थी।

मगर, इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी और सपा नेता अवधेश प्रसाद कड़े मुकाबले में 50,000 से ज्यादा मतों से जीत गए। भाजपा न सिर्फ अयोध्या हारी, बल्कि अयोध्या मंडल की सभी सीटों से पार्टी का सफाया हो गया। समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी अवधेश प्रसाद को 5,54,289 वोट मिले तो भाजपा प्रत्याशी लल्लू सिंह को 4,99,722 वोट मिले। तीसरे नंबर पर बसपा प्रत्याशी सच्चिदानंद पांडे रहे। उन्हें 46,407 वोट मिले। अवधेश प्रसाद पुराने समाजवादी नेता हैं और अयोध्या जिले की मिल्कीपुर विधानसभा से कई बार विधायक भी रहे हैं।

# सभी विधायक एकजुट, कोई शरद पवार के संपर्क में नहीं : सुनील तटकरे

**मुंबई ।** महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजित पवार की एनसीपी के सभी शीर्ष नेताओं की गुरुवार को एक विशेष बैठक हुई जिसमें लोकसभा चुनाव के नतीजे की समीक्षा की गई और आने वाले विधानसभा चुनाव में जीत की रणनीति पर चर्चा हुई।



बैठक के बाद एनसीपी ने कहा कि सभी विधायक एकजुट हैं, कोई कहीं नहीं जा रहा। बैठक के बाद अजित पवार की एनसीपी के प्रदेश अध्यक्ष सुनील तटकरे का बयान सामने आया है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के नतीजों की समीक्षा की गई है। हम आगामी विधानसभा चुनाव में आक्रामक तरीके से काम करेंगे। उन्होंने कहा कि किसी भी विधायक में कोई नाराजगी नहीं है। सभी अपने काम को लेकर चिंतन कर रहे हैं। विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर बैठक में चर्चा हुई। हम सभी एक साथ विधानसभा चुनाव लड़ेंगे और अच्छे नतीजे के साथ जीत दर्ज करेंगे। जानबूझकर अफवाह फैलाई जा रही है कि हमारे विधायक शरद पवार के संपर्क में हैं। एनसीपी के सभी विधायक एक साथ हैं और साथ में महायुति लोकसभा चुनाव की तैयारी करेगी। उन्होंने कहा कि मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर महागठबंधन के नेता एक साथ आकर फैसला लेंगे।

शाम की बैठक में एनसीपी के सभी विधायक आएंगे। जो विधायक पहले हमारे साथ थे, वे सभी आज भी हमारे साथ हैं। चुनाव को लेकर विधायकों की राय जानी जाएगी और चर्चा की जाएगी। बता दें, लोकसभा चुनाव के नतीजों के बाद एक तरफ केंद्र में नई सरकार बनाने को लेकर गहमागहमी तेज हो चुकी है। उधर महाराष्ट्र में भी सियासी उथल-पुथल देखने को मिल रहा है। सूत्रों की ओर से इस बात का लगातार दावा किया जा रहा है कि अजित पवार गुट के 10 से 15 विधायक शरद पवार के संपर्क में हैं। अजित पवार गुट को इस चुनाव में एक ही सीट मिली है।

# तिहाड़ जेल में हुई गैंगवार, बदमाशों ने धारदार हथियार से किया कैदी पर हमला




**नई दिल्ली।** तिहाड़ जेल में एक बार फिर गैंगवार में गोगी गैंग के बदमाश हितेश पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला किया गया है। दो बदमाशों ने हितेश पर हमला किया। हितेश की हालत नाजुक है और घायल कैदी का दीनदयाल उपाध्याय अस्पताल में इलाज चल रहा है।

घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने हत्या का प्रयास का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि शुरूआती जांच में पता चला है कि हितेश पर गौरव और गुरिंदर नाम के बदमाशों ने हमला किया है, जो हत्या और हत्या के प्रयास के मामलों में जेल में बंद हैं। हितेश पर बवाना थाना में हत्या का मामला दर्ज है और वह 2019 से तिहाड़ जेल में बंद है। पुलिस घटनास्थल के आस पास लगे सीसीटीवी कैमरे की जांच पड़ताल करने में जुटी है।

## दिल्ली में नकली दवा बेचने वाले सिंडिकेट का भंडाफोड़

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने कैंसर और शुगर की नकली दवा बेचने वाले गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए सीरियाई नागरिक सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया है। गुरुवार को पुलिस के हाथ बड़ी कामयाबी लगी। उसने कैंसर और शुगर की बीमारी में इस्तेमाल होने वाली नकली दवा बनाने वाले एक अंतरराष्ट्रीय गिरोह से पर्दा उठाया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि सीरियाई नागरिक मोनिर अहमद (54) तुर्की, मिस्र और भारत में दवाओं की आपूर्ति करता था, जिसे गिरफ्तार कर लिया गया है। गिरफ्तार किए गए अन्य आरोपियों की पहचान नवीन आर्य (40), सौरभ गर्ग (34) और करण खानेजा (27) के रूप में हुई है।

पुलिस के अनुसार, साइबर सेल, क्राइम ब्रांच को सूचना मिली थी कि दिल्ली/एनसीआर में कुछ दवा विक्रेता/थोक विक्रेता अवैध रूप से नकली और अपंजीकृत जीवन रक्षक दवाएं बेच रहे हैं। पुलिस ने करोड़ों रुपये की कैंसर और मधुमेह में इस्तेमाल होने वाली कई अंतरराष्ट्रीय ब्रांड लाइफ सेविंग्स की दवाइयां जब्त की।

# 'भाजपा की जन विरोधी नीतियों पर इंडिया अलाइंस को मिला जनता का समर्थन'

**राजस्थान।** सचिन पायलट ने सरकार के गठन को लेकर कहा कि अभी हम वेट एंड वॉच की स्थिति में हैं। अभी कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी। लोकसभा चुनाव नतीजों पर सचिन पायलट ने बड़ा बयान दिया। टोंक में पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट ने कहा कि जनता ने भाजपा की जन विरोधी नीतियों पर इंडिया अलाइंस को समर्थन दिया है। राजस्थान से लेकर गुजरात तक हमारे अलाइंस के साथी चुनाव जीतकर आए हैं। देश में निर्वाचित मुख्यमंत्रियों को जेल में भेजा गया। युवाओं के साथ अग्निवीर जैसी योजनाओं के नाम पर धोखा किया गया।

अभी कुछ कहना जल्दबाजी

इतना ही नहीं देश में सरकार के गठन को लेकर भी पायलट ने कहा कि अभी कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी। अभी हम वेट एंड वॉच की स्थिति में हैं।



संजना जाटव के पास जनता का आशीर्वाद सबसे कम उम्र के सांसद के रिकार्ड पर भी पायलट ने कहा कि भरतपुर से हमारी प्रत्याशी संजना जाटव तो सबसे कम उम्र की सांसद निर्वाचित हुई हैं। उन्होंने साबित किया कि जनता का आशीर्वाद उनके साथ है।

# बिहार में भाजपा नीतीश कुमार के नेतृत्व में ही आगे भी रहेगी : सम्राट चौधरी



### 1996 से नीतीश कुमार के नेतृत्व में भाजपा चुनाव लड़ रही

क्या 2025 के विधानसभा में भाजपा सीएम नीतीश कुमार के नेतृत्व में चुनाड़ लड़ेगी? इस सवाल का जवाब देते हुए प्रदेश अध्यक्ष सह उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि इसमें दिक्कत क्या है? बिहार में 1996 से नीतीश कुमार के नेतृत्व में भाजपा चुनाव लड़ रही है और आगे भी लड़ती रहेगी।

**पटना।** बिहार की 40 लोकसभा सीटों पर बंटवारे के समय ही कच्चे तौर पर तय हो गया था कि बिहार विधानसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन किस प्रारूप में उतरेगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के जनता दल यूनाईटेड और चिराग पासवान की लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) ही नहीं, बल्कि उपेंद्र कुशवाहा के राष्ट्रीय लोक मोर्चा और जीतन राम मांझी के हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा (सेक्युलर) को भी लोकसभा सीटें बांटते समय बिहार विधानसभा चुनाव का खाका बता दिया गया था। अब भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने एक तरह से उसकी पुष्टि की है कि बिहार में भाजपा नीतीश कुमार के नेतृत्व में ही आगे भी रहेगी। लोकसभा सीट बंटवारे के समय सीट घटाए जाते समय ही भाजपा की ओर से जदयू को इस बात का आश्वासन दिया गया था और बाकी घटक दलों ने भी उसी को देखते हुए कम सीटों पर समझौता किया था।

हमलोग 25 प्रतिशत सीटों पर चुनाव हार गए

सम्राट चौधरी ने स्पष्ट कहा कि लोकसभा चुनाव में बिहार को 75 प्रतिशत नंबर जनता दिया। जो लोग परसेप्शन बना रहे थे वो गलत हो गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और नीतीश कुमार के नेतृत्व में हमने चुनाव लड़ा। जिन सीटों पर हमलोग चुनाव हारे हैं, उनपर समीक्षा कर रहे हैं। हमलोगों ने 39 या 40 सीट की अपेक्षा की थी। लेकिन, जनादेश के बाद हमलोग 25 प्रतिशत सीटों पर चुनाव हार गए। इसकी समीक्षा हमलोग कर रहे हैं।

# गांव हो या नगर, बिजली तभी कटे जब बहुत जरूरी हो : सीएम योगी

**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव सम्पन्न होने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अफसरों के साथ विभागवार योजनाओं की समीक्षा की और जरूरी दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने गर्मी और लू के हालात देखते हुए अफसरों को कोताही न बरतने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि तेज गर्मी और लू का मौसम चल रहा है। ऐसे में पूरे प्रदेश में गांव हो या शहर, कहीं भी अनावश्यक बिजली कटौती नहीं होनी चाहिए। बिजली तभी कटे, जब बहुत जरूरी हो। ट्रांसफार्मर जलने, तार गिरने और ट्रिपिंग जैसी समस्याओं का बिना विलंब निस्तारण किया जाए। अधिकारी फोन अटेंड करें, कहीं भी विवाद की स्थिति न बनने पाए, यदि ऐसा हो तो वरिष्ठ अधिकारी तत्काल स्वयं मौके पर पहुंचें।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोकसभा चुनाव संपन्न होने के तत्काल बाद शासन स्तर के सभी अपर मुख्य सचिव और प्रमुख सचिव स्तर के अधिकारियों के साथ बैठक कर प्रदेश में जारी लोकहित की परियोजनाओं की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की। गुरुवार को हुई इस बैठक में सभी वरिष्ठ अधिकारियों ने सम्बंधित विभागों में वर्तमान वित्तीय वर्ष में विभिन्न योजनाओं की प्रगति और भावी कार्ययोजनाओं से मुख्यमंत्री योगी को अवगत कराया। बैठक में मुख्यमंत्री योगी ने अफसरों को कई दिशा-निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि अपर मुख्य सचिव और प्रमुख सचिव गण अपने विभाग के शीर्ष अधिकारी हैं। विभाग से जुड़ी हर एक व्यवस्था, हर एक परियोजना, प्रत्येक प्रकरण के लिए आपकी जवाबदेही है। अतः समयबद्धता और गुणवत्ता सुनिश्चित करना आपकी जिम्मेदारी है। विभागीय मंत्रीगणों के साथ बेहतर संवाद-समन्वय बनाये रखें। जनहित के प्रकरणों को अनावश्यक लंबित न रखें। उन्होंने कहा कि जिन भी विभागों में रिक्तियां हैं और नियुक्ति की जानी हैं, वहां से तत्काल अधियाचन चयन आयोगों को भेजा जाए। नियुक्ति प्रक्रिया में सरलता के लिए ई-अधियाचन की व्यवस्था लागू की गई है, उसका उपयोग करें। नियुक्ति के लिए अधियाचन भेजने से पूर्व नियमावली का सूक्ष्मता से परीक्षण कर लिया जाए। चयन आयोगों से संपर्क बनाएं, त्रुटिपूर्ण अधियाचन न भेजें। चयन प्रक्रिया की समय-सीमा तय करें। वित्तीय वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही समाप्त होने वाली है। सभी विभागों द्वारा वर्तमान बजट में प्राविधानित धनराशि का यथोचित खर्च किया जाना सुनिश्चित किया जाए। समय से आवंटन और समय से खर्च होना चाहिए। वित्त विभाग द्वारा इसकी विभागवार समीक्षा की जाए। बजट आवंटन और खर्च के नियमों का सरलीकरण भी अपेक्षित है।

### सीएम योगी बोले, प्लास्टिक पर प्रतिबंध को कड़ाई से लागू करें

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध को कड़ाई से लागू करें। सेफ सिटी परियोजना से जुड़े कार्यों को समय से पूरा कराएं। नगरों में कहीं भी पेयजल का संकट न होने पाए। स्ट्रीट डॉग की समस्या का स्थायी समाधान तलाशें। उन्होंने कहा कि बरसात के दृष्टिगत नालों की सफाई करा ली जाए। सिल्ट जमा न हो, ताकि बारिश में जलभराव न हो। मलिन बस्तियों में साफ-सफाई की अत्यधिक आवश्यकता है। यहां नियमित फॉगिंग भी कराई जाए। सॉलिड वेस्ट प्रबंधन के लिए ठोस प्रयास करें। खनन कार्य में संलग्न वाहनों में किसी भी दशा में ओवरलोडिंग न हो। यह नियमविरुद्ध भी है और दुर्घटनाओं का कारक भी बनता है। इस दिशा में सख्ती की जानी चाहिए।

# भाजपा के चार सांसदों में से एक को मिल सकता है केंद्रीय मंत्री का पद

**चंडीगढ़।** हरियाणा में इस बार भाजपा को पांच सीटों पर सफलता मिली है, वहीं पांच सीटें कांग्रेस के खाते में गई हैं। कुछ माह बाद ही प्रदेश में विधानसभा चुनाव भी होने हैं, ऐसे में हरियाणा से केंद्र में एक सांसद का मंत्री बनना तय माना जा रहा है। हरियाणा में लोकसभा चुनाव परिणाम के बाद लोगों के मन में एक बड़ा सवाल है कि एनडीए की सरकार बनने के बाद भाजपा के किस सांसद को केंद्र में मंत्री बनाया जा सकता है।



2019 में हरियाणा के दो सांसद केंद्र की सरकार में मंत्री थे। इनमें गुरुग्राम के सांसद राव इंद्रजीत सिंह और फरीदाबाद से सांसद कृष्णपाल गुर्जर शामिल थे। दोनों ही इस बार भी जीते हैं। मगर नवनिर्वाचित दोनों सांसदों की मंत्री बनने की दौड़ इतनी आसान नहीं होने वाली है। राव, गुर्जर के अलावा पूर्व सीएम मनोहर लाल और धर्मबीर सिंह भी केंद्रीय मंत्री बनने की दौड़ में शामिल हैं। हालांकि हरियाणा के दो सांसदों को जब मंत्री बनाया गया था, तो उस दौरान भाजपा अकेले ही बहुमत में थी। गठबंधन के दलों का दबाव नहीं होता था। इस बार स्थितियां बदली हुई हैं। केंद्र में एनडीए की सरकार बनने जा रही है। भाजपा पर एनडीए में शामिल घटक दलों के सदस्यों को भी मंत्री बनाने का दबाव होगा। उधर, चार महीने बाद हरियाणा में विधानसभा चुनाव होने जा रहे हैं। ऐसे में संभव है कि इस बार केंद्र में दो के बजाय किसी एक सांसद को मंत्री पद से नवाजा जाए। क नजर डालते हैं कि उन सांसदों पर जो मंत्री बनने की दौड़ में क्यों शामिल हैं। उनके पक्ष-विपक्ष में क्या फैक्टर हैं।

**मनोहर लाल :** मनोहर लाल हरियाणा में साढ़े नौ साल तक सीएम रहे हैं। संघ, पीएम नरेंद्र मोदी और शाह से काफी घनिष्ठता है। पीएम मोदी के कहने पर उन्होंने सीएम की कुर्सी छोड़ दी थी। हालांकि उनके सीएम रहते ही भाजपा के खिलाफ राज्य में सत्ता विरोधी लहर बनी। चार महीने बाद राज्य में चुनाव होने हैं। भाजपा नहीं चाहेगी कि उनकी वजह से राज्य में फिर से पार्टी के खिलाफ नाराजगी बढ़े। ऐसी स्थिति में संभव है कि भाजपा का शीर्ष नेतृत्व फिलहाल उन्हें केंद्र में मंत्री बनाने में परहेज करे।

**राव इंद्रजीत :** राव इंद्रजीत छठी बार सांसद बने हैं। अहीरवाल बेल्ट में उनका दबदबा है। भिवानी-महेंद्रगढ़ के अहीरवाल बेल्ट में धर्मबीर को जिताने में उनकी भूमिका काफी अहम रही है। अहीरवाल बेल्ट में 14 विधानसभा क्षेत्र हैं। राज्य सरकार बनाने में इस बेल्ट की भूमिका अहम होती है। विधानसभा चुनाव को देखते हुए राव इंद्रजीत को केंद्र के मंत्रिमंडल में शामिल किया जा सकता है। मगर इस बार उनका दबदबा कुछ कम हुआ है। वह लड़खड़ाते हुए जीते हैं। पैतृक हलके में उन्हें कम वोट मिले हैं।

**कृष्णपाल गुर्जर :** लगातार तीन जीत हासिल करने वाले कृष्णपाल गुर्जर 2014 और 2019 की केंद्र की सरकार में मंत्री रहे हैं। पीएम मोदी के साथ उनकी अच्छी दोस्ती है। मोदी के साथ उन्होंने संगठन में काम भी किया है। इस बार उनका काफी विरोध था, इसके बावजूद वह अपनी सीट जीतने पर कामयाब रहे। ऐसे में इस बार भी वह मंत्री बनने के दौड़ में शामिल हैं। हालांकि विधानसभा चुनाव में जातीय व क्षेत्रीय समीकरण को देखते हुए मंत्री बनना उनका मुश्किल हो सकता है।

**धर्मबीर सिंह :** जीत की हैट्रिक लगाने वाले धर्मबीर सिंह भी मंत्री बनने की दौड़ में शामिल हैं। हरियाणा में जाट बिरादरी से आने वाले भाजपा के वह इकलौते सांसद हैं। लोकसभा चुनाव में भाजपा के खिलाफ जाट बिरादरी की नाराजगी साफ तौर पर देखी गई है। जाट बेल्ट में भाजपा को एक भी सीट नहीं मिली है। आने वाले विधानसभा चुनाव भाजपा जाटों की नाराजगी नहीं झेलना चाहती है। इसलिए जाटों को भाजपा से जोड़ने के लिए धर्मबीर को केंद्र में मंत्री बनाया जा सकता है।

# यूपी में भाजपा की हार पर साध्वी प्राची ने कहा यह कार्यकर्ताओं की अनदेखी का नतीजा

**बरेली ।** साध्वी प्राची ने उत्तर प्रदेश में भाजपा की हार का कारण कार्यकताओं की अनदेखी बताया। कहा कि अनदेखी से हताश होकर कार्यकर्ता चुनाव के दौरान घर में बैठा रहा, जिससे भाजपा को हार का सामना करना पड़ा। उन्होंने यह भी कहा कि अगले चुनाव में इसकी भरपाई होगी। उत्तर प्रदेश में भाजपा की हार पर भगवा क्रांति सेना की राष्ट्रीय अध्यक्ष साध्वी प्राची ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने प्रदेश में भाजपा की हार का कारण कार्यकताओं की अनदेखी बताया। उन्होंने कहा कि अनदेखी से हताश होकर कार्यकर्ता चुनाव के दौरान अपने घर में बैठा रहा, जिससे भाजपा को हार का सामना करना पड़ा। फिर भी हमारा वोट प्रतिशत कम नहीं हुआ है। साध्वी प्राची ने कहा कि भाजपा आलाकमान को अपने कार्यकताओं का सम्मान करना होगा। इसके बाद ही हार की भरपाई हो सकती है।



शाहजहांपुर में सीएम योगी आदित्यनाथ के जन्मदिन पर आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल होने आईं साध्वी प्राची ने कहा कि उनकी की संख्या बढ़ती जा रही है, हमारी संख्या घटती जा रही है। फिर भी हमारा वोट प्रतिशत कम नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि हार से कार्यकर्ता हताश और आहत है। साध्वी प्राची ने कहा कि भाजपा आलाकमान को सलाह है कि भाजपा कार्यकताओं का सम्मान करना होगा। इसके बाद ही हार की भरपाई हो सकती है। अयोध्या में भाजपा की हार पर उन्होंने कहा कि इस हार के लिए राम का नाम इस्तेमाल करना ठीक नहीं है। चुनाव में हार और जीत होती रहती है। बाद में भाजपा की तारीफ करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा एक गहरा समुद्र है। अगले चुनाव में इस हार की भरपाई होगी।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली।। शुक्रवार 07 जून-2024 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

करंट क्राइम ट्वीट का करंट

Sanjay Tyagi
1h ·
शीशे की तरह आर पर हूं मैं फिर भी बहुत लोगों की समझ से बाहर हूं मैं भारत माता की जय



# चुनावी आंकड़े करा रहे हैं इस बात का एहसास गाजियाबाद में नहीं गिरा है भाजपा का ग्राफ



| गाजियाबाद | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2022 विधानसभा | | | 2024 लोकसभा | | |
| पार्टी | गाजियाबाद | % | अंतर | गाजियाबाद | % | अंतर |
| भाजपा | 150205 | 61.37 | 93719 | 137206 | 60.27 | 63256 |
| सपा+ | 56486 | 23.08 | | 73950 | 32.48 | |
| बसपा | 32691 | 13.36 | | 13983 | 6.14 | |
| कुल | 244766 | | | 227660 | | |

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** सियासत में नफा नुकसान होना आम बात है। जनता के मन में क्या चल रहा है इस बात को जानने के लिए कोई पैरामीटर नहीं है। 2024 के लोकसभा चुनाव में तमाम एजेंसियों के एक्जिट पोल फेल हो गये। भाजपा यानी एनडीए गठबंधन 400 पार के जादुई आंकड़े को नहीं छू पाया। तो वहीं इडिया गठबंधन ने एक्जिट पोल को धता बताते हुए राजनीतिक पंडितों को हिलाकर रख दिया। परिणाम सबके सामने हैं खासतौर से उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी को बड़ा झटका लगा।

यहां समाजवादी पार्टी सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी। भाजपा जहां यूपी में 70 प्लस सीटों का दावा कर रही थी। वहीं ये दावा बिल्कुल विपरीत हो गया। उत्तर प्रदेश में भाजपा को मात्र 33 सीटें मिलीं वहीं समाजवादी पार्टी 37 सीटें प्राप्त हुई। भाजपा के बड़े बड़े दिग्गज उत्तर प्रदेश के चुनाव में फेल हो गये। इसके इफैक्ट पश्चिमी उत्तर प्रदेश के साथ साथ पूरे प्रदेश में दिखाई दिये। हालांकि भाजपा की सबसे मजबूत सीट माने जाने वाली नोएडा और गाजियाबाद सीट पर इसका कोई खास फर्क नहीं पड़ा। ये विदित है कि दूसरे चरण के मतदान में जिसमें कि गाजियाबाद लोकसभा का चुनाव हुआ था उसमें 2019 के मुकाबले इस बार लोकसभा चुनाव गाजियाबाद में 6 प्रतिशत वोटें घट गईं। मतदान 49 प्रतिशत पर सिमट गया। बावजूद इसके अगर आंकड़ों पर गौर करें तो उत्तर प्रदेश में बड़ा नुकसान उठाने वाली भाजपा को गाजियाबाद से कोई खास खता नहीं मिली है। पोलिंग प्रतिशत कम होने के बावजूद यूपी मुं इंडिया गठबंधन की आंधी के बावजूद कांग्रेस उम्मीदवार डॉली शर्मा के मजबूती से चुनाव लड़ने के बावजूद अगर आंकड़ों पर गौर करें तो गाजियाबाद में भाजपा के ग्राफ में कहीं से कहीं तक कोई कमी आती नहीं दिख रही है। हांलाकि हर विधानसभा सीट पर पोलिंग प्रतिशत कम होने का असर पड़ा है।

यहां पर 2022 विधानसभा चुनाव में गाजियाबाद की पांचो विधानसभा सीटों के वोटों का कम्पेरिजन अगर 2024 के लोकसभा चुनाव में आने वाली विधानसभा की सीटों से कम्पेरिजन किया जाये तो तस्वीर बिल्कुल स्पष्ट हो जाती है।

## साहिबाबाद विधानसभा में मार्जिन कम होने के बावजूद बढ़ा है वोट प्रतिशत

## 2022 के विधानसभा चुनाव में साहिबाबाद में पड़े थे 481686 वोट और इस बार हुआ है 451395 वोट का मतदान

## मंत्री सुनील शर्मा के गढ़ में वोट घटने के बावजूद बढ़ा है 68.91% वोटों से जीत का मार्जिन

**करंट क्राइम।** साहिबाबाद विधानसभा के आंकड़ों पर गौर करें तो इसे थोड़ा गहराई से समझना पड़ेगा। 2022 के विधानसभा और 2024 के लोकसभा वाले आंकड़ों पर गौर करने से सारी तस्वीर क्लीयर हो जायेगी। यहां पर 2022 के विधानसभा चुनाव में कुल वोट 481686 पड़े थे। यहां पर भाजपा को वोट कुल 67.0 प्रतिशत मिले थे। मगर इस बार भाजपा को यहां पर लोकसभा चुनाव में 311036 वोट मिले हैं। यहां पर भाजपा को मिली वोटों का प्रतिशत 68.91 प्रतिशत बढ़ा है। जाहिराना तौर पर साफ होता है कि भाजपा ने यहां पर पिछली बार के मुकाबले अच्छा परफोर्मेंस दिया है। साहिबाबाद विधानसभा में वर्ष 2022 के चुनाव में भाजपा को 322882 मत मिले थे। वहीं इस विधानसभा से सपा उम्मीदवार अमरपाल शर्मा को 118320 मत मिले थे। यहां पर भाजपा विधायक एंव वर्तमान मंत्री सुनील शर्मा की जीत का मार्जिन 204562 रहा था। वहीं लोकसभा चुनाव की बात करें तो ये मार्जिन

| साहिबाबाद | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2022 विधानसभा | | | 2024 लोकसभा | | |
| पार्टी | साहिबाबाद | % | अंतर | साहिबाबाद | % | अंतर |
| भाजपा | 322882 | 67.03 | 204562 | 311036 | 68.91 | 191184 |
| सपा+ | 118320 | 24.56 | | 119852 | 26.55 | |
| बसपा | 24136 | 5.01 | | 14449 | 3.2 | |
| कुल | 481686 | | | 451395 | | |

191184 रह गया है। इसमें अगर 2022 विधानसभा चुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार संगीता त्यागी की 10273 वोटों को जोड़ दिया जाये तो ये आंकड़ा भी इस बात को प्रतीत करता है कि सपा और कांग्रेस के गठबंधन से लड़ने के बावजूद डॉली शर्मा ने साहिबाबाद में कोई खास परफोर्मेंस नहीं दिया है। 2022 के विधानसभा चुनाव में यहां से अमरपाल शर्मा को 108047 वोट मिले थे। वहीं डॉली शर्मा को 119852 वोट मिले हैं। गठबंधन के लिहाज से अगर अमरपाल शर्मा की वोटों में कांग्रेस प्रत्याशी रही संगीता त्यागी के 10273 मतों को जोड़ दिया जाये तो परफोर्मेंस का दूध का दूध और पानी का पानी हो जाता है। ये आंकड़े इस बात का गवाह हैं कि साहिबाबाद में भाजपा के वोट बैंक पर कोई चोट नहीं लगी है। विधायक सुनील शर्मा की रणनीति और संगठन की दक्षता ने यहां पर भाजपा के वोट को बिखरने नहीं दिया। आंकड़े इस बात को बयां कर रहे हैं।



## भाजपा सांसद अतुल गर्ग की शहर विधानसभा सीट पर घटा है जीत का मार्जिन

### पिछले विधानसभा चुनाव में मिले थे 61.37% वोट जो लोकसभा चुनाव में घट कर हो गये हैं 60.27%

**करंट क्राइम।** अब खबर पर आगे बढ़ते हुए 2022 के शहर विधानसभा चुनाव और 2024 के लोकसभा चुनाव में आने वाली शहर विधानसभा सीट पर भी आंकड़ों की समीक्षा काफी कुछ स्पष्ट करती है। ये वो शहर विधानसभा है जहां से वर्तमान में विधायक अतुल गर्ग हैं साथ ही वो अब गाजियाबाद के लोकसभा सांसद भी बन चुके हैं। शहर विधानसभा सीट पर 2022 के विधानसभा चुनाव में 244766 वोट पड़े। वहीं 2024 के लोकसभा चुनाव में इस विधानसभा सीट पर कुल 227660 वोट पड़े है। इन दोनों का अंतर पिछले चुनाव की वोटों से घटकर 17106 रह गया है। इस सीट पर 2022 के विधानसभा चुनाव में अतुल गर्ग को 150205 और सपा उम्मीदवार विशाल वर्मा को 56486 वोट मिले थे। यहां अतुल गर्ग की जीत का मर्जिन 61.37 वोट पाकर 93719 पहुंच गया था। वहीं अब 2024 के चुनाव की बात करें तो यहां पर अतुल गर्ग को 137206 और कांग्रेस प्रत्याशी डॉली शर्मा को 73950 वोट मिले हैं। यहां पर 60.27 प्रतिशत वोट पाकर मार्जिन 63256 वोट का रहा गया है। बड़ी बात ये है कि 2022 के विधानसभा चुनाव में सपा के खाते में 23.08 प्रतिशत वोट आये थे जो इस बार 73950 वोटों के साथ 32.48 प्रतिशत पर आ गया है।



## मुरादनगर विधानसभा से मजबूत हुई है भाजपा की मुराद

### 2022 के विधानसभा चुनाव में 61.63% तो इस बार मिले हैं 62.27% वोट

| मुरादनगर | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2022 विधानसभा | | | 2024 लोकसभा | | |
| पार्टी | मुरादनगर | % | अंतर | मुरादनगर | % | अंतर |
| भाजपा | 169290 | 61.63 | 90040 | 157283 | 62.27 | 76768 |
| सपा+ | 79250 | 28.85 | | 80515 | 31.87 | |
| बसपा | 20589 | 7.5 | | 11995 | 4.75 | |
| कुल | 274689 | | | 252601 | | |

**करंट क्राइम।** मुरादनगर विधानसभा के आंकड़ों पर गौर करें तो यहां पर वोटों का फ्लक्चुऐशन काफी कुछ बयां करता है। 2022 के विधानसभा चुनाव में मुरादनगर सीट पर कुल 274689 वोट पड़े थे। यहां पर भाजपा विधायक अजीत पाल त्यागी को 169290 वोट मिले थे। तो वहीं सपा रालोद गठबंधन उम्मीदवार सुरेन्द्र कुमार मुन्नी को 79250 मत प्राप्त हुए थे। यहां अजीत पाल त्यागी की जीत का मर्जिन 61.63 प्रतिशत वोट पाकर 90040 था। वहीं इस बार इस चुनाव में गठबंधन उम्मीदवार की ओर से कोई खास बड़ा फेरबदल नहीं हुआ है। 2024 के लोकसभा चुनाव में मुरादनगर विधानसभा सीट पर भाजपा को 157283 वोट और इंडिया गठबंधन की उम्मीदवार डॉली शर्मा को 80515 वोट प्राप्त हुए हैं। यहां पर जीत का मार्जिन 76768 वोट है यहां वोट प्रतिशत पिछली बार यानी वर्ष 2022 में 61.63 प्रतिशत था वहीं इस चुनाव में यह बढ़कर 62.27 प्रतिशत पर आ गया है।



## जिस लोनी को माना जा रहा था भाजपा के लिए अनहोनी

### वहां रिकार्ड तोड़ 10% मार्जिन का दिख रहा है उछाल

| लोनी | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2022 विधानसभा | | | 2024 लोकसभा | | |
| पार्टी | लोनी | % | अंतर | लोनी | % | अंतर |
| भाजपा | 127410 | 40.44 | 6627 | 143522 | 50.48 | 21854 |
| सपा+ | 120783 | 38.33 | | 121668 | 42.79 | |
| बसपा | 25717 | 8.16 | | 14712 | 5.17 | |
| कुल | 315095 | | | 284308 | | |

**करंट क्राइम।** आंकड़े हकीकत की तरह होते हैं। आंकड़ों से स्थितियां स्पष्ट हो जाती हैं। यहां हम बात करें लोनी विधानसभा सीट की, तो हमें 2022 के विधानसभा चुनाव पर भी नजर डालनी होगी। गाजियाबाद के साथ इस बार राष्ट्रीय लोकदल ने मिलकर चुनाव लड़ा। तो उसका असर भी लोनी विधानसभा में दिखाई दिया। इस गठबंधन के बावजूद यही कयास लग रहे थे कि भाजपा उम्मीदवार अतुल गर्ग को इस विधानसभा से 30 हजार वोटों से शिकस्त मिलेगी। मगर यहां गठबंधन के साथ-साथ विधायक नन्द किशोर गुर्जर की रणनीति ने भी अपना असर दिखाया। वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव में विधायक नन्द किशोर गुर्जर को 127410 वोट मिले थे। जो कि कुल पड़े वोटों का 40.44 प्रतिशत थे। वहीं इस बार लोकसभा चुनाव में इन वोटों का प्रतिशत अच्छा खासा उछला। इस बार यानी लोकसभा चुनाव में लोनी विधानसभा सीट पर भाजपा प्रत्याशी अतुल गर्ग को 143522 वोट मिले। कांग्रेस गठबंधन उम्मीदवार डॉली शर्मा को 121668 वोट मिले। यहां अतुल गर्ग की जीत का मार्जिन 50.48 प्रतिशत वोट प्राप्त कर 21854 वोट था। जाहिर तौर पर यहां पर जीत का मर्जिन पिछली बार के मुकाबले 10 प्रतिशत बढ़ गया। 2022 के विधानसभा चुनाव में लोनी में कुल 315095 वोट पड़े थे। वहीं इस बार लोकसभा चुनाव में यहां पर 284308 वोट पड़े। वोटिंग कम होने के बावजूद इस विधानसभा में भाजपा का जनाधार बढ़ा है और पहले की तरह कायम भी रहा है।



## धौलाना में हुआ है नुकसान मगर कोई बड़ा अंतर नहीं है श्रीमान

### 2022 के विधानसभा चुनाव में भाजपा को मिले थे 44.65% वोट तो इस बार मिले हैं 41.16% वोट

| धौलाना | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2022 विधानसभा | | | 2024 लोकसभा | | |
| पार्टी | धौलाना | % | अंतर | धौलाना | % | अंतर |
| भाजपा | 125028 | 44.65 | 10362 | 103989 | 41.16 | -16725 |
| सपा+ | 114666 | 40.95 | | 120714 | 47.78 | |
| बसपा | 32999 | 11.78 | | 24248 | 9.6 | |
| कुल | 280013 | | | 252644 | | |

**करंट क्राइम।** लोकसभा चुनाव 2024 में भाजपा उम्मीदवार अतुल गर्ग के लिए धौलाना विधानसभा एक बड़ी चुनौती मानी जा रही थी। जनरल वीके सिंह का टिकट कटने के बाद एक माहौल बन गया था कि भाजपा के खिलाफ ठाकुर समाज में नाराजगी है। इसलिए अतुल गर्ग को यहां से अच्छा खासा नुकसान उठाना पड़ेगा। नुकसान की इन चर्चाओं के बीच जले में नमक तब और डला जब बसपा ने ठाकुर उम्मीदवार के तौर पर नन्द किशोर पुण्डीर को मैदान में उतारा। यहां पर सोने पर सुहागा तब हुआ जब ठाकुर समाज की ओर से भाजपा के खिलाफ एक जनसभा भी की गई। साथ ही अतुल गर्ग को पार्टी के ही कई ठाकुर चेहरों का साथ भी विधानसभा सीट पर नहीं मिल रहा था। तो वहीं अतुल गर्ग की डोर को यहां पर धौलाना विधायक धर्मेश तोमर ने मजबूती से संभाला। राजनीतिक पंडित और आलोचक जहां चीख चींख कर इस बात को कह रहे थे कि अतुल गर्ग धौलाना विधानसभा पर कम से कम 50 हजार वोटों से हारेंगे। वहीं आंकड़ों पर नजर डालें तो साठा चौरासी के इस गढ़ में वोटर ने ज्यादा भाजपा से बेफाई नहीं की। मात्र 3 प्रतिशत के आसपास कम वोट अतुल गर्ग को मिला। 2022 के विधानसभा चुनाव में भाजपा उम्मीदवार जनरल वीके सिंह को यहां पर 10362 वोटों से शिकस्त मिली थी तो वहीं इस बार इस शिकस्त में मात्र 6363 वोटों का इजाफा हुआ है। अगर विरोध बहुत बड़ा था तो फिर वो कहां काफुर हो गया। यहां गठबंधन को जरूर पिछली बार के मुकाबले वोट प्रतिशत बढ़ता हुआ मिला है। ये ठाकुर समाज की नाराजगी से ज्यादा दूसरे समुदाय की एकजुटता का परिणाम है। पिछली बार 2022 में धौलाना विधानसभा में सपा उम्मीदवार को 40.95 वोट मिले थे जो इस बार कांग्रेस उम्मीदवार को 47.78 प्रतिशत के रूप में मिले हैं। लगभग 6 हजार वोटों का इजाफा कांग्रेस-सपा गठबंधन में हुआ है।



## गणित को समझें तो 2019 के लोकसभा चुनाव के मुकाबले 2024 के चुनाव में इंडिया गठबंधन से नहीं मिली है भाजपा को कोई बड़ी चुनौती

**करंट क्राइम।** अब वर्तमान के हिसाब को जानने के लिए भविष्य के भी आंकड़ों पर गौर करें। पिछले आंकड़े पर गौर करें तो उस वक्त सपा के टिकट पर बसपा के गठबंधन से चुनाव लड़े स्व0 सुरेश बंसल को कुछ 443003 मत प्राप्त हुए थे। उस वक्त गाजियाबाद की लोकसभा में वोटों का प्रतिशत 56 प्रतिशत के करीब था। इस बार कांग्रेस गठबंधन प्रत्याशी डॉली शर्मा को 517205 वोट मिले हैं। अब इन दोनों की वोट का अंतर निकाला जाये तो ये 74202 बैठता है। मोटे तौर पर कहा जाये तो गठबंधन ने यहां पर लगभग 75हजार वोट पिछली बार के मुकाबले ज्यादा प्राप्त किये हैं। इस गठबंधन में डॉली शर्मा को समाजवादी पार्टी के वोटर्स का भी लाभ मिला है। वर्ष 2019 के विधानसभा चुनाव में सपा के इन वोटों का लाभ सुरेश बंसल को भी मिला था। उनके लिए यहां पर डीएम फैक्टर ने काम किया था। इस बार डॉली शर्मा के लिए सपा कांग्रेस के अलावा बसपा से डायवर्ट हुई वोटों ने भी असर दिखाया है। इन वोटों की वजह से डॉली शर्मा का जीत का आंकड़ा 517205 पहुंचा है। जाहिराना तौर पर बसपा का एक बड़ा वोट बैंक डॉली शर्मा के पक्ष में चला गया। ये वोट बैंक भाजपा का नहीं बल्कि बसपा का बताया गया है जो कांग्रेस को मिला है। ऐसे में वोटों के गणित के हिसाब मे तस्वीर क्लीयर हो जाती है गाजियाबाद लोकसभा सीट पर भारतीय जनता पार्टी का ग्राफ कम नहीं हुआ है। वोटों के इस आंकड़े की गहराई में जायेंगे, ऊपर दी गई सारणियों के गुणा-भाग निकालेंगे तो उससे ये भी स्थिति स्पष्ट हो जायेगी कि किस बिरादरी का सपोर्ट किस उम्मीदवार को मिला है। वोटों के गणित में साहिबाबाद, लोनी, गाजियाबाद, धौलाना की किसी भी विधानसभा में कोई फर्क नहीं आया है। जो फर्क आया है वो ये है कि कांग्रेस समाजवादी पार्टी के साथ जो बसपा का मूल वोट जुड़ा है उसने डाली शर्मा के चुनाव को पांच लाख से ऊपर पहुंचा दिया है। भाजपा का वोटबैंक इन वोटों के आंकड़ों के हिसाब से डॉयवर्ट होता हुआ नहीं दिख रहा।





## संपादकीय

# सरकार में संतुलन, एनडीए में सहयोगी दलों का समायोजन और मांग बनेगा बड़ा मुद्दा

राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन ने सर्वसम्मति से नरेंद्र मोदी को अपने गठबंधन का नेता चुन लिया है। इसके साथ ही लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में देश की बागडोर संभालने की दिशा में उन्होंने एक और कदम आगे बढ़ा दिया। दरअसल, इस बार के आम चुनाव में खंडित जनादेश मिला है। किसी भी राजनीतिक दल को पूर्ण बहुमत हासिल नहीं हो सका है। सत्तापक्ष और विपक्ष दोनों ने गठबंधन करके चुनाव लड़ा था। भाजपा की अगुआई वाले गठबंधन, राजग, को जरूरी बहुमत से कुछ अधिक सीटें प्राप्त हुई हैं, इसलिए वह सरकार बनाने का दावा पेश करने जा रहा है। भाजपा सबसे बड़ी पार्टी है, और उसके गठबंधन के पास अस्पष्ट बहुमत है, इसलिए सरकार बनाने का दावा वाजिब है। कांग्रेस की अगुआई वाले इंडिया गठबंधन ने सरकार बनाने के सवाल पर संकेत दिया है कि फिलहाल वे किसी जोड़-तोड़ में नहीं जुटेंगे और सही समय का इंतजार करेंगे। इससे पहले खबरें आई थीं कि नीतीश कुमार और चंद्रबाबू नायडू शायद सैद्धांतिक आधार पर राजग के साथ जाने से इनकार कर दें और इसका फायदा इंडिया उठा ले। लेकिन भाजपा की अगुआई वाले गठबंधन की सरकार बनने की राह स्पष्ट हो गई है। पर यह भी तय है कि इस बार भाजपा का गठबंधन के सहयोगियों के साथ वही व्यवहार नहीं रह पाएगा, जो पहले की दो सरकारों के समय देखा गया।

इस बार भाजपा को अकेले दम पर बहुमत हासिल नहीं है। उसे सरकार चलाने के लिए हर समय सहयोगी दलों पर निर्भर रहना पड़ेगा। पिछली दो सरकारों के समय भाजपा के पास स्पष्ट बहुमत था, इसलिए उसे इस बात की चिंता नहीं थी कि सहयोगी दल किसी मोड़ पर उसकी बांह मरोड़ सकते हैं। इस बार वैसी निश्चिंतता नहीं रहेगी। एक तनी हुई रस्सी पर संतुलन साधते हुए चलने जैसा होगा। जरा-सा भी असंतुलन खतरनाक साबित होगा। फिर, जिन दो दलों- तेलगु देसम पार्टी और जद (एकी) के पास सरकार चलाने के लिए निर्णायक सीटें हैं, उनके साथ संतुलन साधना सबसे अहम होगा। इन दोनों दलों के नेताओं यानी नीतीश कुमार और चंद्रबाबू नायडू के भाजपा के साथ सैद्धांतिक मतभेद पहले कई बार उजागर हो चुके हैं। वे बीच में भाजपा का साथ छोड़ कर अलग राह पकड़ चुके हैं। इसलिए उन्हें लेकर भरोसेमंद दावा कोई नहीं कर सकता। वे कब किस फैसले से नाराज हो जाएं, कहना मुश्किल है। ऐसे में भाजपा के लिए उनके साथ लगातार संतुलन साधते रहना होगा।

राजग की पिछली दो सरकारों के कामकाज के तरीके और फैसलों को लेकर अनेक आपत्तियां उठती रही हैं। नई सरकार में घटक दलों की बात सुनना जरूरी होगा। अपेक्षा की जाती है कि इस बार मंत्रिमंडल का गठन कुछ इस तरह से होगा कि उसमें घटक दलों की मांगों को समायोजित करना होगा। हर सहयोगी दल अपने समर्थन की बड़ी कीमत मांगेगा। उसमें अगर पदों और विभागों के बंटवारे में असंतुलन होगा, तो असंतोष भी उभरेगा और उसका असर सरकार के कामकाज पर नजर आने लगेगा। पिछली सरकारों के समय कई महत्त्वाकांक्षी योजनाओं की घोषणाएं की गई थीं, वे तभी लागू होंगी और गति पा सकेंगी, जब विभागों के बंटवारे में संतुलन होगा। फिर, हर सहयोगी दल की अपनी क्षेत्रीय प्राथमिकताएं भी हैं, वे उन्हें ऊपर रखना चाहेंगे, इसलिए नई सरकार से हर स्तर पर संतुलन साधने की दरकार होगी।

# इस हफ्ते निजी बैंक शेयरों में जबरदस्त तेजी : गोल्डमैन सैश




**मुंबई।** अमेरिकी निवेश फर्म गोल्डमैन सैश ने कहा है कि इस हफ्ते निजी बैंक शेयरों में जबरदस्त तेजी देखी गई है। इसने निवेशकों को खरीदारी करने का अवसर दिया। वैश्विक निवेश फर्म की ओर से कहा गया कि आधार किसी भी प्रकार के नैरेटिव से ज्यादा जरूरी होता है। इस कारण से हम पीएसयू बैंकों की अपेक्षा निजी बैंकों को चुन रहे हैं।

बैंकिंग शेयरों में बुधवार के कारोबारी सत्र में जबरदस्त तेजी देखने को मिली थी और इस कारण बैंक निफ्टी अपने 200 दिन के मूविंग एवरेज को छूकर तेजी से ऊपर निकल गया था। एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, एक्सिस बैंक, इंडसइंड बैंक और फेडरल बैंक में पिछले दो दिनों में 8 प्रतिशत तक की बढ़त हुई है। बुधवार के कारोबारी सत्र में बैंक निफ्टी 2,126 अंक या 4.53 प्रतिशत फिसलकर 49,054 अंक पर बंद हुआ था।

गुरुवार को बैंक निफ्टी 49,080 के आसपास कारोबार कर रहा है। एलकेपी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ टेक्निकल एनालिस्ट, रूपके डे की ओर से कहा गया कि हम बैंक निफ्टी में 47,500 के स्टॉप लॉस के साथ गिरावट पर खरीदारी की राय दे रहे हैं। बैंक निफ्ट में 47,800 का सपोर्ट लेवल है और 49,500 का एक बड़ा रुकावट का स्तर है। सेंसेक्स और निफ्टी में गुरुवार को सकारात्मक कारोबार हुआ है। मिडकैप और स्मॉलकैप इंडेक्स दोनों में ही सकारात्मक कारोबार हो रहा है। सेक्टर के हिसाब से देखें तो आईटी, कैपिटल गुड्स, मेटल, ऑयल और गैस, पावर और रियल्टी में भी तेजी है।

# सेंसेक्स 692 अंक बढ़कर हुआ बंद, निफ्टी 22,800 के पार



**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार में गुरुवार के कारोबारी सत्र में बड़ी तेजी देखने को मिली। बाजार के करीब सभी सेक्टर हरे निशान में बंद हुए हैं। बाजार में खरीदारी की वजह वैश्विक बाजारों से सकारात्मक संकेत मिलना है।

सेंसेक्स 692 अंक या 0.93 प्रतिशत की तेजी के साथ 75,074 अंक और निफ्टी 201 अंक या 0.89 प्रतिशत की तेजी के साथ 22,821 अंक पर बंद हुआ है। छोटे और मझोले शेयरों में भी बड़ी तेजी हुई है। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 1,147 अंक या 2.24 प्रतिशत की तेजी के साथ 52,413 अंक और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 536 अंक या 3.29 प्रतिशत की तेजी के साथ 16,826 अंक पर बंद हुआ है। बाजार में उतार-चढ़ाव दशार्ने वाले इंडिया विक्स में 11 प्रतिशत की गिरावट हुई और यह 16.80 पर आ गया है, जो दिखाता है कि बाजार में स्थिरता बढ़ रही है।

सेक्टर के हिसाब से देखें तो आईटी, मेटल, पीएसयू बैंक, रियल्टी, मीडिया और एनर्जी इंडेक्स बढ़कर बंद हुए हैं। हालांकि, फार्मा, एफएमसीजी और प्राइवेट बैंक इंडेक्स लाल निशान में बंद हुए हैं। सेंसेक्स पैक में 30 में 22 शेयर हरे निशान में बंद हुए हैं। टेक महिंद्रा, एचसीएल टेक, एसबीआई, एनटीपीसी, इन्फोसिस, एलएंडटी और टीसीएस टॉप गेनर्स हैं। एचयूएल, एशियन पेंट्स, एमएंडएम, नेस्ले, इंडसइंड बैंक और सन फार्मा टॉप लूजर्स हैं। अमेरिका में यूएस फेड द्वारा ब्याज दरों में कटौती की संभावना के कारण वैश्विक बाजारों में बड़ी तेजी हुई है। बोनान्जा पोर्टफोलियो के रिसर्च एनालिस्ट, वैभव विदवानी का कहना है कि चुनावों के नतीजों के कारण हुई गिरावट के बाद भारतीय बाजारों ने जोरदार वापसी की है।

बाजार को भरोसा है कि एनडीए एक स्थिर सरकार देगी। निफ्टी लगातार मजबूत बना हुआ है। बुधवार को तेजी के बाद, गुरुवार को भी निफ्टी में एक प्रतिशत की बढ़त देखी गई और 22,900 का उच्चतम स्तर छुआ।

# भारत का आर्थिक परिदृश्य मजबूत, तेजी से बढ़ रही अर्थव्यवस्था : एनालिस्ट्स




**नई दिल्ली।** देश की दिग्गज ब्रोकरेज फर्म्स और बाजार के विश्लेषकों ने गुरुवार को कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था काफी मजबूत है। देश की विकास दर, चालू खाते की स्थिति और महंगाई के आंकड़े सभी उत्साह पैदा करने वाले हैं। जानकारों ने कहा कि भारत के साथ कई सारे सकारात्मक फैक्टर हैं। पिछला डेटा इशारा करता है कि चुनाव के 6 से 12 महीने के बीच बाजार अच्छा प्रदर्शन करता है। यस सिक्योरिटीज की ओर से कहा गया कि भारतीय कंपनियों की बैलेंस शीट, बैंकिंग सेक्टर और प्रॉपर्टी मार्केट में बुलबुले जैसी कोई स्थिति नहीं है। सूचीबद्ध कंपनियों में कर्ज कम हो गया है। पूंजी पर्याप्त मात्रा होने के कारण बैंकों की स्थिति मजबूत है और मजबूत मांग के कारण रियल एस्टेट की कीमतें बढ़ रही हैं। जानकारों का कहना है कि भारतीय घरेलू निवेशकों की ओर से शेयर बाजार में लगातार भरोसा जताया जा रहा है। रिटेल निवेशकों द्वारा म्यूचुअल फंड में किया जाने वाला निवेश रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है। साथ ही कहा कि एफआईआई अभी तक पैसा निकाल रहे हैं, लेकिन जैसे ही इनकी वापसी होगी, बाजार के लिए यह काफी अच्छी स्थिति होगी। बाजार के विश्लेषकों का कहना है कि भारत के सरकारी बॉन्ड को वैश्विक सूचकांकों में शामिल किए जाने के कारण अगले तीन वर्षों में करीब 100 अरब डॉलर का पूंजीगत निवेश आएगा। वैश्विक ब्रोकरेज फर्म नोमुरा ने कहा कि भारत में सुधार आम तौर पर राजनीति की कसौटी पर खरे उतरे हैं और हम उम्मीद करते हैं कि सरकार शासन और प्रशासनिक सुधारों की गति जारी रखेगी। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) ने एक दिन में सबसे ज्यादा लेनदेन करने का रिकॉर्ड बनाया है। एनएसई सीईओ आशीष चौहान ने कहा कि बुधवार को ट्रेडिंग के घंटों के दौरान एक्सचेंज पर रिकॉर्ड 19.71 अरब ऑर्डर और 28.05 करोड़ ट्रेड हुए थे। एनालिस्ट की ओर से कहा गया कि यूएस फेड की ओर से ब्याज दर कम किए जाने की संभावना के कारण वैश्विक बाजार मजबूत है। इसके कारण भारतीय बाजार भी सामान्य हो गए हैं। मौजूदा समय में हमें राजनीतिक स्थिरता दिख रही है, लेकिन राजनीतिक हलचल का बाजारों पर असर दिख सकता है।

## राशिफल

**मेष:** विवाह का योग बन रहा है। लव पार्टनर आपके आकर्षण से अछूता नहीं रह पाएगा। आप अपने प्यार भरे शब्दों से उनका दिल जीत लेंगे।

**वृष:** अपनों से धोखा मिल सकता है। प्रेम जीवन में भी काफी तनाव उत्पन्न होने की संभावना है। भगवान शिव की पूजा करना आपके लिए बेहतर साबित होगा।

**मिथुन:** रोमांटिक मूड में हैं। प्रेमी पर प्रेम बरसाना चाहते हैं। फूल आदि से मनाने की कोशिश करेंगे। प्रेमी को आपका व्यवहार और तौर-तरीका पसंद नहीं आएगा।

**कर्क:** विवाह प्रस्ताव आएंगे। लेकिन मनचाहा पार्टनर मिलने में कुछ समय लग सकता है। लेकिन जल्दबाजी में कोई भी फैसला लेने से बचें।

**सिंह:** लव लाइफ रोमांटिक रहेगी। कार्यक्षेत्र में आपको अपने दिल का दोस्त मिल सकता है। अपने प्यार भरे शब्दों से प्रेमी को खुश करेंगे।

**कन्या:** आज प्यार का इजहार किया जा सकता है। विदेश में बैठे प्रेमी से मुलाकात होने के योग हैं। शादी के बंधन में बंधने का फैसला आज लिया जा सकता है।

**तुला:** अगर किसी वजह से प्रेमी से ब्रेकअप हो गया है या पति-पत्नी के बीच तलाक की बात चल रही है तो आज सॉरी बोल दें। सारे गिले-शिकवे दूर हो सकते हैं।

**वृश्चिक:** प्यार में धोखा मिल सकता है। नए प्रेम संबंध बनाते समय सावधान रहें। किसी पुराने प्रेमी से भेंट हो सकती है।

**धनु:** वैचारिक मतभेद शादीशुदा जोड़े के रिश्ते की नींव हिला सकते हैं। तलाक पर विचार कर सकते हैं। संतान का स्वास्थ्य बिगड़ सकता है।

**मकर:** आज आप अपने घर वालों से अपनी शादी की बात कर पाएंगे और सभी का सहयोग भी आपको देखने को मिल सकता है।

**कुंभ:** आत्मविश्वास से भरपूर है। जीवन में शांति रहेगी। प्रेमी के साथ प्रेम और आनंद के पल बिताएंगे। वैवाहिक जीवन में रोमांस बरकरार रहेगा।

**मीन:** इस राशि के जातक अपने प्रेमी को खुश करने के लिए कुछ खास कर सकते हैं। लेकिन आज किसी न किसी बात पर लड़ाई जरूर हो सकती है।

## चुटकुले

लड़की अपनी स्कूटी मैकेनिक के पास लेकर गई।
लड़की- मुझे स्कूटी की सर्विस करानी है।
मैकेनिक- मैडम इंजन में दिक्कत है। और ब्रेक भी सही से काम नहीं कर रहे।
लड़की- अरे वो छोटी मोटी बातें होती रहती हैं। पहले इसका शीशा ठीक करो प्लीज...

---

रात के 10 बजे मीना देहाती डॉक्टर को फोनकर बोली...
मीना- मैं बहुत खूबसूरत हूं, गोरी हूं, देखने में बिल्कुल प्रियंका जैसी हूं।
हालांकि, रात में सांवली दिखती हूं। इसके लिए चेहरे पर क्या लगाकर सोना है।
देहाती डॉक्टर- सन ग्लासेस उतारकर सोया करो

---

महिला-सुबह से चक्कर से आ रहे हैं...
डॉक्टर-तुम्हारी नब्ज तो ठीक चल रही है, एकदम घड़ी की तरह है।
लड़की-अरे नहीं, आपने गलती से नब्ज की जगह मेरी घड़ी पर हाथ रखा हुआ

## रोचक तथ्यों का करंट

- दुनिया भर में मौत का मुख्य कारण दिल की बीमारी है।
- स्वीडन के राजा गुस्ताव III ने यह साबित करने के लिए एक प्रयोग शुरू किया कि कॉफी जहरीली होती है। दो डॉक्टरों द्वारा देखरेख में, एक कैदी को उसकी मृत्यु होने तक एक दिन में तीन कप कॉफी पीने के लिए मजबूर होना पड़ा। लेकिन कैदी से पहले दोनों डॉक्टर और राजा की मृत्यु हो गई थी।
- आपके शरीर में लगभग 50 अरब कोशिकाएं प्रतिदिन मरती हैं।
- कहा जाता है कि यूनानी दार्शनिक क्रिससिपस ने अपने गधे को नशे में डालने के बाद उसे अंजीर खाने की कोशिश करते देख कर हंसते हंसते उनकी मृत्यु हो गई थी।
- हम 270 हड्डियों के साथ पैदा होते हैं, 206 के साथ मर जाते हैं।
- साल 1871 में एक जहाज के डूबने से बचने वाला एक आदमी अंतत: अपने डर को दूर करने में सक्षम था और साल 1911 में फिर से समुद्री यात्रा पर जाने का फैसला किया और टाइटैनिक के डूबने में उसकी मृत्यु हो गई।
- मस्तिष्क कोशिकाएं दिल की धड़कन रुकने के कुछ ही मिनटों में मर जाती हैं। त्वचा कोशिकाएं 24 घंटों तक जीवित रह सकती हैं।

# भ्रष्टाचार में भी 'दरियादिली' दिखा रहे अफसर

## पीड़ितों को ईएमआई के जरिए रिश्वत देने की मिल रही सुविधा



**नई दिल्ली।** रिश्वतखोरी वह भी दरियादिली के साथ। देश के पश्चिमी राज्य गुजरात में कुछ ऐसे की रोजक मामले सामने आए हैं। जहां कुछ सरकारी कर्मचारियों ने लोगों से घूस लेने का ऐसा तरीका खोजा जिससे देने वाले पर भी वित्तीय बोझ ना पड़े। मतलब भ्रष्टाचार भी चलता रहे मगर देने वाले के प्रति सहानुभूति के साथ। दरअसल कुछ सरकारी कर्मचारी की ओर से पीड़ितों से बैंकों की तरह ईएमआई के रूप में घूसे लेने के मामले सामने आए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार राज्य भ्रष्टाचार निरोध ब्यारो (एसीबी) की ओर से साल 2024 में ही अब तक इस तरह के 10 मामले दर्ज किए गए हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक मार्च 2024 में एसजीएसटी फर्जी बिलिंग घाटाले से जुड़े अहमदाबार के एक मामले में एक व्यक्ति से 21 लाख रुपये की रिश्वत मांगी गई। भ्रष्टाचारी अफसरों ने पीड़ितों से घूस की राशि वसूलने के लिए उन्हें ईएमआई के रूप में इसका भुगतान करने की सुविधा दी। टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक चार अप्रैल को सूरत में भी सामने आया। एक गांव के उपसपंच और तालुका पंचायत के सदस्य ने एक किसान से खेत को समतल करवाने के एवज में 85000 रुपये घूस मांगी। आरोपियों ने पीड़ित की परेशानियों को देखते हुए उसे यह राशि ईएमआई में चुकाने की सुविधा दी। आरोपियों ने पीड़ित को पहली बार 35000 रुपये देने को कहा और शेष राशि का भुगतान दो बराबर किश्तों में करने को कहा।

रिपोर्ट के मुताबिक 26 अप्रैल 2024 को भी गुजरात में दरियाली के साथ घूसखोरी का एक मामला सामने आया। सीआईडी के एक निरीक्षक (इंस्पेक्टर) ने एक आपराधिक मामले में जब्त लैपटॉप और कम्प्यूटर समेत अन्य चीजों को छोड़ने के लिए 50000 रुपये रिश्वत की मांग की। यह राशि पीड़ित को किश्तों में अदा करने की सुविधा दी गई। अप्रैल महीने की शुरूआत में ही गुजरात के जल आपूर्ति और सीवरेज बोर्ड के एक द्वीतीय श्रेणी के अफसर ने एक ठेकेदार से उसका बिल पास कराने के लिए 1 लाख 20 हजार रुपये घूस देने के लिए कहा। आरोपी ने दरियादिली दिखते हुए ठेकेदार को यह राशि 30,000 रुपये के चार बराबर किश्तों में अदा करने की सुविधा दी गई।

रिपोर्ट में गुजरात के एसीबी निदेशक और डीजीपी (कानून व्यवस्था) शमशेर सिंह के हवाले से कहा गया है कि एसीबी सिर्फ उन मामलों को ही रिपोर्ट करने में सक्षम होता है, जिनमें पीड़ित शुरूआती किश्तों का भुगतान करने के बाद हमसे संपर्क करते हैं।

एक अन्य मामले में साइबर क्राइम प्रभाग से जुड़े एक पुलिस अधिकारी ने एक व्यक्ति से 10 लाख रुपये मांगी थी और उन्हें यह राशि चार अलग-अलग किश्तों में भुगतान करने को कहा था।




प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए।जी।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी



# सानिया ने मार्टिना हिंगिस के साथ रिकॉर्ड तोड़ जीत के सिलसिले को किया याद

**मुंबई।** पूर्व टेनिस स्टार सानिया मिर्जा 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' (टीजीआईकेएस) के नए एपिसोड में नजर आईं। इस दौरान उन्होंने 2015-2016 में जीत के रिकॉर्ड तोड़ सिलसिले को याद किया। सानिया ने स्विट्जरलैंड की मार्टिना हिंगिस के साथ मिलकर लगातार 44 मैच जीते थे।

'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' के होस्ट कॉमेडियन कपिल शर्मा ने इस वीकेंड 'प्राइड ऑफ इंडिया' के साथ स्ट्रांग फीमेल पैनल को शो में बुलाया। इसमें सानिया मिर्जा, साइना नेहवाल, मैरी कॉम और सिफ़्त कौर समरा जैसी खेल की मशहूर हस्तियां शामिल हुईं।

बातचीत के दौरान सानिया ने कहा, ₹मुझे लगता है कि इस सोफे पर बैठी सभी महिलाएं इसे समझ सकती हैं... जब आप लगातार जीतते हैं, तो एथलीट इसे 'इन द जोन' कहना पसंद करते हैं...। ईमानदारी से, मुझे लगता है कि यह सबसे अच्छा तरीका है, जिसे मैं आसानी से बयां कर सकती हूं कि मार्टिना और मेरे साथ उन छह महीनों के दौरान क्या हुआ था।" उन्होंने कहा, ₹जब हम कोर्ट में उतरते थे, तो हमें लगता था कि हम हारने वाले नहीं हैं। एक एथलीट्स के लिए यह अहसास बेहद दुर्लभ है। मैं बहुत सौभाग्यशाली थी कि मैं इसका अनुभव कर सकी।"

सानिया ने कहा, "अगस्त 2015 में शुरूआत करने के बाद, हम छह महीने बाद मार्च 2016 में अपना पहला मैच हारे। इस दौरान लगभग छह से सात महीनों तक मिली जीत के चलते हम हार के अहसास को भूल चुके थे।₹

'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' शनिवार को रात 8 बजे नेटफ्लिक्स पर प्रसारित होगा।

बता दें कि सानिया और मार्टिना ने मिलकर कई खिताब जीते थे। इनमें इंडियन वेल्स, मियामी और चार्ल्सटन शामिल रहे।

अपने स्पोर्ट्स करियर के अलावा, सानिया अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर भी काफी चर्चाओं में रही हैं। हाल ही में वह पाकिस्तान क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान शोएब मलिक से अलग हुईं।

जब मलिक ने सना जावेद से अपनी शादी की घोषणा की, तो सानिया की ओर से कंफर्म किया गया कि वह और शोएब कई महीनों पहले ही अलग हो गए थे।

सानिया और शोएब ने 2010 में हैदराबाद में शादी की थी। रिसेप्शन का आयोजन उन्होंने पाकिस्तान के सियालकोट में किया था। शादी के आठ साल बाद उनके एक बेटा हुआ जिसका नाम इजहान मिर्जा मलिक है।

# टी20 में ऑस्ट्रेलिया के सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बने वॉर्नर

**ब्रिजटाउन (बारबाडोस)।** सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर पूर्व कप्तान आरोन फिंच को पीछे छोड़ते हुए टी20 में ऑस्ट्रेलिया के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गए हैं।

वॉर्नर, जो अपना अंतिम टी20 विश्व कप खेल रहे हैं, ने गुरुवार को केंसिंग्टन ओवल में ओमान के खिलाफ अपने पहले मैच में यह उपलब्धि हासिल की।

उन्होंने 51 गेंदों पर छह चौकों और एक छक्के की मदद से 56 रनों की पारी खेली और अपने पूर्व बल्लेबाजी साथी को पीछे छोड़ दिया।

ऑस्ट्रेलिया के लिए 104 मैचों में वॉर्नर ने 33.92 की औसत से 3,155 रन बनाए हैं। उन्होंने टी20 में अब तक 27 अर्धशतक और एक शतक भी लगाया है। दूसरी ओर, फिंच ने 103




मैचों में 19 अर्द्धशतक और दो शतकों की मदद से 3120 रन बनाए हैं।

ओमान के खिलाफ अपनी शानदार पारी में उन्होंने मार्कस स्टोइनिस के साथ 102 रनों की साझेदारी भी की, जिन्होंने 36 गेंदों पर छह छक्कों और दो चौकों की मदद से नाबाद 67 रनों की तेज पारी खेली और टीम को 20 ओवरों में 164/5 तक पहुंचाया।

स्टोइनिस के क्रीज पर आने से पहले ऑस्ट्रेलिया लगातार गेंदों पर कप्तान मिचेल मार्श (14) और ग्लेन मैक्सवेल (0) के विकेट गंवाने के बाद 8.3 ओवरों में 50/3 पर लड़खड़ा रहा था। ऑलराउंडर मैक्सवेल ऑस्ट्रेलिया के लिए 107 मैचों में 2,468 टी20 रन बनाकर तीसरे स्थान पर हैं, जबकि कप्तान मार्श 55 मैचों में 1,446 रन बनाकर पूर्व ऑलराउंडर शेन वॉटसन के 1,462 रनों के बाद पांचवें स्थान पर हैं।

जीत के साथ अपने अभियान की शुरूआत करने के बाद ऑस्ट्रेलिया अब 8 जून को उसी मैदान पर मौजूदा चैंपियन इंग्लैंड से भिड़ेगा।

आस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर मौजूदा टी20 विश्व कप के बाद अपने अंतर्राष्ट्रीय करियर को अलविदा कह देंगे।

वॉर्नर, वनडे और टेस्ट से पहले ही दूरी बना चुके हैं। उसके बाद उन्होंने यह भी साफ कर दिया था कि वह टी20 विश्व कप के बाद इस फॉर्मेट से भी संन्यास ले लेंगे। ऑस्ट्रेलिया का टी20 विश्व कप अभियान समाप्त होने के साथ वॉर्नर ऑस्ट्रेलिया राष्ट्रीय टीम के लिए हर फॉर्मेट से रिटायर हो जाएंगे।

अगर ऑस्ट्रेलियाई टीम टी20 ट्रॉफी पर अपना कब्जा जमाने में सफल होती है, तो उनके पास तीनों फॉर्मेट की ट्रॉफी हो जाएगी।

# आयरलैंड के कोच ने हार के बाद न्यूयॉर्क पिच की आलोचना की

**न्यूयॉर्क।** आयरलैंड के कोच हेनरिक मलान ने भारत के खिलाफ टी20 विश्व कप के ग्रुप ए मुकाबले के लिए इस्तेमाल की गयी पिच की आलोचना की है। उन्होंने कहा कि अच्छा खेलने के लिए अच्छी पिच का होना महत्वपूर्ण है लेकिन नासाउ काउंटी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम की पिच मानकों पर खरी नहीं उतरी।



मलान की यह प्रतिक्रिया भारत से आठ विकेट से हार के बाद आयी है जब भारत ने आयरलैंड को मात्र 96 रन पर समेट दिया था। पिच पर काफी स्विंग और असमान उछाल थी।

कोच ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा,"जब आप मैच खेलते हैं तो आपको वास्तव में अच्छी सतह की आवश्यकता होती है जो आप प्राप्त कर सकते हैं लेकिन दुर्भाग्य से हमने पिछले कुछ मैचों में जो देखा है वह उम्मीदों पर खरी नहीं उतरी है। इसलिए उम्मीद है कि यह आगे चलकर थोड़ा सपाट हो सकती है और हम शुक्रवार को कुछ अच्छा क्रिकेट देख सकते हैं।"

सोमवार को इस मैदान पर श्रीलंका की टीम 77 रन पर आउट हो गई और दक्षिण अफ्रीका ने चुनौतीपूर्ण पिच पर मैच जीत लिया।

बुधवार का मैच न्यूयॉर्क की पिचों की अधिक जांच कराएगा, विशेषकर तब जब शुक्रवार को यहां आयरलैंड का सामना कनाडा से होगा और रविवार को भारत का पाकिस्तान से जोरदार मुकाबला होगा।

मलान ने कहा,मुझे लगता है कि हम सिर्फ अच्छा क्रिकेट देखना चाहते हैं, है ना? यह हमारे आयोजन का शिखर है और इसमें हर समय 200 का मैच होना जरूरी नहीं है, इसमें बस एक समान प्रतिस्पर्धा होनी चाहिए।

# न्यूयॉर्क की पिचें 'खतरनाक स्तर' पर हैं : एंडी फ्लावर

**न्यूयॉर्क।** इंग्लैंड के पूर्व कोच एंडी फ्लावर ने कहा है कि मौजूदा टी 20 विश्व कप में नासाउ काउंटी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में पिचें 'खतरनाक स्तर' पर हैं। फ्लावर की यह प्रतिक्रिया भारत के आयरलैंड को आठ विकेट से हराने के बाद आयी है जिसमें पिच और धीमे ऑउटफील्ड पर सवाल उठाये गए हैं।

पिच पर काफी स्विंग और असमान उछाल थी। भारत ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करते हुए आयरलैंड को 96 रन पर ढेर कर दिया था। लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और ऋषभ पंत को अपने शरीर पर कुछ गेंदें झेलनी पड़ीं। इससे पहले सोमवार को श्रीलंका इस पिच पर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मात्र 77 रन पर ढेर हो गयी थी। फ्लावर



ने कहा,मुझे यह कहना होगा कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलने के लिए यह अच्छी सतह नहीं है। यह खतरनाक स्तर पर है। हमने देखा कि गेंद दोनों तरफ से लंबाई में उछाल लेती है, कभी-कभी नीची रहती है लेकिन मुख्य रूप से असामान्य रूप से ऊंची उछलती है और लोगों के अंगूठे, दस्ताने और हेलमेट से टकराती है।"

जिम्बाब्वे के पूर्व क्रिकेटर और फ्रेंचाइजी टी20 क्रिकेट के प्रमुख कोच फ्लॉवर ने ईएसपीएन क्रिकइन्फो से कहा, यह किसी भी पक्ष के लिए बहुत ही मुश्किल बल्लेबाजी की स्थिति साबित हुई, आयरलैंड जैसे छोटे, क्रिकेट खेलने वाले देश की तो बात ही छोड़ दें, जो भारत के दिग्गजों से मुकाबला कर रहा था। भारत के पूर्व बल्लेबाज संजय मांजरेकर फ्लावर के विचारों से सहमत थे और उन्हें लगा कि न्यूयॉर्क में पिचों के मुद्दों को आसानी से हल नहीं किया जा सकता है। उनके हाथों में एक समस्या है। स्वाभाविक रूप से, मुझे लगता है कि सतह के आधार में कुछ गड़बड़ है। हमने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहले भी खतरनाक पिचें देखी हैं।

ऐसा लगता है कि गाड़ी को घोड़े के आगे रख दिया गया है।

## टी20 विश्व कप मैचों को बाहर शिफ्ट करने की कोई योजना नहीं: रिपोर्ट

टी20 विश्व कप के लिए न्यूयॉर्क में पिच को लेकर हो रहे बवाल के बावजूद नासाउ काउंटी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम से शेष मैचों को शिफ्ट करने की कोई योजना नहीं है। न्यूयॉर्क में बिना परखे हुए ड्रॉप-इन पिच, जो गेंदबाजों के लिए अत्यधिक अनुकूल हैं, श्रीलंका के दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 77 रन पर आउट होने और उसके बाद भारत द्वारा आयरलैंड को 96 रन पर समेटने के बाद कड़ी जांच के दायरे में आ गई है। बीबीसी की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि ₹भारत ने अपने बल्लेबाजों की सुरक्षा को लेकर चिंताओं के बीच असामान्य उछाल और पिचों की दो-तरफा प्रकृति से निजी तौर पर अपनी नाखुशी व्यक्त की है। भारत को रविवार को न्यूयॉर्क में अपने दूसरे ग्रुप ए मैच में पाकिस्तान से खेलना है। ऐसा माना जा रहा है कि अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) पहले खेले गए मैचों के डेटा का विश्लेषण कर रही है, ताकि यह तय किया जा सके कि अगर उसे कार्रवाई करने की जरूरत पड़े तो उसे कैसे प्रतिक्रिया देनी चाहिए। हालांकि, आईसीसी अधिकारियों ने कहा है कि न्यूयॉर्क के किसी भी मैच को फ्लोरिडा या टेक्सास के स्थानों पर स्थानांतरित करने की कोई योजना नहीं है। हैरी टेक्टर, लोरकन टकर, पॉल स्टर्लिंग, रोहित शर्मा और ऋषभ पंत जैसे खिलाड़ियों को चोटें आईं, जिसमें रोहित कंधे में चोट लगने के बाद 52 रन पर रिटायर्ड हर्ट हो गए। इसमें यह भी दावा किया गया है कि कैंटियाग पार्क में अभ्यास सुविधा में बनाए गए छह ड्रॉप-इन पिचों के बारे में भी चिंताएं जताई गई हैं, साथ ही कहा गया है कि दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाजों ने चोटों की चिंताओं के कारण अपने गेंदबाजों और स्थानीय नेट गेंदबाजों का सामना करने के बजाय थ्रो-डाउन का विकल्प चुना।

# एंड्रीवा 27 वर्षों में सबसे युवा ग्रैंड स्लैम सेमीफाइनलिस्ट बनीं

**पेरिस।** युवा प्रतिभाशाली खिलाड़ी मीरा एंड्रीवा ने ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियन आर्यना सबालेंका को बुधवार को अपसेट करते हुए फ्रेंच ओपन के सेमीफाइनल में प्रवेश कर इतिहास रच दिया। वह पिछले लगभग तीन दशक में 17 साल की उम्र में सबसे युवा ग्रैंड स्लैम सेमीफाइनलिस्ट बन गयीं।

एंड्रीवा ने क्वार्टरफाइनल में पहला सेट हारने के बाद शानदार वापसी करते हुए 6-7(5), 6-4, 6-4 से जीत हासिल की। उनका सेमीफाइनल में इटली की जैस्मिन पाओलिनी से मुकाबला होगा जो पहली बार ग्रैंड स्लैम सेमीफाइनल में पहुंची हैं।

एंड्रीवा ने दो घंटे 29 मिनट तक चले मुकाबले में सबालेंका के पूरी तरह फिट नहीं होने का फायदा उठाया। सबालेंका ने पहले सेट में मेडिकल टाइमआउट लिया और मैच में बाद में भी उन्हें इसकी जरूरत पड़ी। एंड्रीवा ने अंततः तीन करियर भिड़ंत में पहली बार विश्व नंबर 2 सबालेंका को हराया। एंड्रीवा पूर्व नंबर 1 मार्टिना हिंगिस के बाद ग्रैंड स्लैम




सेमीफाइनल में पहुंचने वाली सबसे कम उम्र की महिला हैं, जो 1997 में रौलां गैरो और यूएस ओपन दोनों के सेमीफाइनल में पहुंचने पर 16 साल की थीं। इस साल एंड्रीवा का सामना करने से पहले सबालेंका ने किसी ग्रैंड स्लैम मैच में एक भी सेट नहीं हारा था। वह 11 मैचों में 22 सेटों में से केवल दो में चार से अधिक गेम हारी थीं। लेकिन 1999 में विंबलडन के पहले दौर में 16 वर्षीय जेलेना डॉकिक के हिंगिस को हराने के बाद किसी ग्रैंड स्लैम इवेंट में विश्व नंबर 1 या नंबर 2 को हराने वाली एंड्रीवा सबसे कम उम्र की खिलाड़ी बन गईं। एंड्रीवा 16 साल की मोनिका सेलेस के पेरिस के 1990 के फाइनल में स्टेफनी ग्राफ को हराने के बाद फ्रेंच ओपन में ऐसा करने वाली सबसे कम उम्र की खिलाड़ी बन गयी हैं। सबालेंका ने पहले सेट के दूसरे गेम में एंड्रीवा की सर्विस तोड़कर शुरूआत की, लेकिन किशोरी ने तुरंत सर्विस तोड़कर स्कोर 1-2 कर दिया। हालाँकि, सबालेंका ने तीसरे गेम में दूसरी बार सर्विस ब्रेक करके स्कोर 3-1 कर दिया, लेकिन एंड्रीवा ने फिर से वापसी करते हुए स्कोर 2-3 कर दिया।

# 'न्यूयॉर्क पिच खिलाड़ियों के लिए असुरक्षित'

**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय आलराउंडर इरफान पठान और इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वान ने नासाउ इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम की स्तरहीन पिच के लिए अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की कड़ी आलोचना की है और इसे खिलाड़ियों के लिए 'असुरक्षित' बताया है।

भारत ने न्यूयॉर्क के इस मैदान पर हुए मुकाबले में बुधवार को आयरलैंड को आठ विकेट से हराया था जिसके बाद पिच को लेकर सवाल उठ खड़े हुए हैं। यह लगातार दूसरा मौका है जब टीम 100 रन से नीचे आउट हुई थी। इससे पहले श्रीलंका और दक्षिण अफ्रीका के बीच मैच में श्रीलंका की टीम 77 रन पर सिमट गयी थी। भारतीय तेज गेंदबाजों ने कप्तान रोहित शर्मा के टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने के फैसले को सही साबित करते हुए आयरलैंड को 16 ओवर में 96 रन पर समेट दिया था। गेंद नीची रह रही थी और उसमें असमान उछाल भी थी।

जवाब में, रोहित की 37 गेंदों में 52 रनों की पारी के साथ ऋषभ पंत की नाबाद 36 रनों की पारी ने भारत को 48 गेंद शेष रहते हुए शानदार जीत दिला दी। सतह की प्रकृति पर टिप्पणी करते हुए, वॉन ने ₹घटिया मानक सतह₹ पर खेलने की अनुमति देकर खिलाड़ियों की सुरक्षा को खतरे में डालने के लिए आईसीसी की आलोचना की। वॉन ने एक्स पर लिखा, ₹राज्यों में खेल को बेचने की कोशिश करना बहुत अच्छा है.. मुझे यह पसंद है.. लेकिन खिलाड़ियों के लिए न्यूयॉर्क में इस घटिया सतह पर खेलना अस्वीकार्य है.. आप विश्व कप में पहुंचने के लिए बहुत मेहनत करते हैं, फिर खेलना पड़ता है ऐसी पिच पर ।" पठान ने भी पूर्व इंग्लिश कप्तान की बात दोहराई और कहा कि पिच विश्व कप मैच खेलने के लिए उपयुक्त नहीं है। उन्होंने कहा कि अगर यह भारत में होता तो दोबारा कभी इस पर मैच नहीं होता।

पठान ने स्टार स्पोर्ट्स पर कहा, ह्लदेखिए, हम निश्चित रूप से अमेरिका में क्रिकेट को बढ़ावा देना चाहते हैं, लेकिन यह पिच खिलाड़ियों के लिए सुरक्षित नहीं है।

# मार्कस स्टोइनिस के दम पर ऑस्ट्रेलिया ने ओमान को 39 रन से हराया

**ब्रिजटाउन (बारबाडोस)।** मार्कस स्टोइनिस के अर्धशतक और तीन विकेट के आलराउंड प्रदर्शन की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने गुरुवार को केंसिंग्टन ओवल में टी20 विश्व कप के अपने पहले मैच में ओमान को 39 रनों से हराया।

गुरुवार को बारबाडोस के केंसिंग्टन ओवल में टॉस जीतकर ओमान ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया।

ऑस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 5 विकेट खोकर 164 रन बनाए, जवाब में ओमान 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 125 रन बना सकी।

पहले बल्लेबाजी करते उतरी ऑस्ट्रेलिया की शुरूआत धीमी रही। पावरप्ले के तीसरे ओवर में ट्रेविस हेड (12) अपना विकेट गंवा बैठे।

ऑस्ट्रेलियाई कप्तान मिचेल मार्श और डेविड वॉर्नर ने दूसरे विकेट के लिए 37 रनों की साझेदारी की। इसके बाद मेहरान खान ने मिचेल मार्श को पवेलियन का रास्ता दिखाकर ऑस्ट्रेलिया को दूसरा झटका दिया।




अगली ही गेंद पर मेहरान ने ग्लेन मैक्सवेल को गोल्डन डक पर आउट कर दिया। ओमान के कप्तान आकिब इलियास ने कवर पर मैक्सवेल का शानदार कैच लपका।

ऑस्ट्रेलिया 8.3 ओवर में 50/3 पर लड़खड़ा रहा था। हालांकि, वॉर्नर दूसरे छोर पर डटे रहे और स्कोरबोर्ड को आगे बढ़ाते रहे।

5वें नंबर पर बल्लेबाजी करने आए स्टोइनिस ने वॉर्नर का साथ दिया और दोनों ने आक्रामक खेल दिखाते हुए स्कोर बोर्ड को आगे बढ़ाया। दाएं हाथ के बल्लेबाज ने ओमान के गेंदबाजों की धज्जियां उड़ाईं, जबकि वॉर्नर ने दूसरा छोर मजबूती से थामे रखा।

13वें ओवर में वार्नर ने लगातार दो चौके जड़कर अपनी लय बढ़ाई। फिर, स्टोइनिस ने 15वें ओवर में मेहरान की गेंद पर चार छक्के जड़कर पारी का रुख बदल दिया।

उन्होंने महज 27 गेंदों पर 50 रन बनाए, जिसके बाद वॉर्नर ने अर्धशतक जड़ा। 19वें ओवर में वॉर्नर अर्धशतक जड़ने के तुरंत बाद 51 गेंदों पर 56 रन बनाकर आउट हो गए।

स्टोइनिस 36 गेंदों पर 67 रन बनाकर नाबाद रहे, जिससे ऑस्ट्रेलिया ने 164/5 का स्कोर बनाया।

# सरबजोत सिंह ने म्यूनिख में स्वर्ण पदक से खोला भारत का खाता

**नई दिल्ली।** सरबजोत सिंह ने जर्मनी के म्यूनिख में चल रहे आईएसएसएफ विश्व कप राइफल/पिस्टल में 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर भारत का खाता खोला। 22 वर्षीय भारतीय निशानेबाज ने आठ खिलाड़ियों के फाइनल में 242.7 का स्कोर कर स्वर्ण जीता। उनके नजदीकी प्रतिद्वंद्वी चीन के बू शुआई हांग 0.2 अंक पीछे रहे। जर्मनी के रोबिन वाल्टर को कांस्य पदक मिला।

इससे पहले सरबजोत ने 588 के शीर्ष स्कोर के साथ फाइनल के लिए क्वालीफाई किया था। उन्होंने फाइनल में भी अपनी फॉर्म कायम रखते हुए अपना दूसरा विश्व कप पदक जीता। उन्होंने पिछले वर्ष भोपाल में भी स्वर्ण जीता था। फाइनल में बू और रॉबिन के अलावा मौजूदा चीनी विश्व चैंपियन बोवेन झांग और तुर्की के चार बार के



ओलंपियन यूसुफ डिकेक भी शामिल थे। युवा भारतीय शुरूआत से सबसे मजबूत था। उसने शुरूआती बढ़त हासिल करने के लिए अपने पहले पांच एकल शॉट्स में तीन हाई 10 लगाए। उनकी लगातार शूटिंग जारी रही और उन्होंने तब तक बढ़त नहीं छोड़ी जब तक कि वाल्टर ने 14वें एकल शॉट के अंत में उन्हें पकड़ नहीं लिया।

ऐसा लग रहा था कि उनके 15वें शॉट के लिए 10.8 के निशाने ने फाइनल तय कर लिया है क्योंकि वाल्टर 8.6 के साथ हार गए। झांग के पांचवें स्थान पर बाहर होने के बाद, वाल्टर ने चार बार के ओलंपियन तुर्की के युसूफ डिकेक को हराकर कांस्य पदक जीता।

अंतिम दो शॉट में, 1.4 अंक ने सरबजोत को बू से अलग कर दिया, जो अब पीछा करने का आनंद ले रहा था जैसा कि सरबजोत पर दबाव बढ़ रहा था। अंत में, भारतीय निशानेबाज ने आत्मविश्वास बढ़ाने वाली जीत हासिल करने में अच्छा प्रदर्शन किया।

# न्यूयॉर्क की मुश्किल पिच और सामने पाकिस्तान

## ब्लॉकबस्टर क्लैश के लिए रोहित सेना तैयार

**न्यूयॉर्क।** टी20 विश्व कप 2024 में आयरलैंड के खिलाफ जीत के साथ भारत का सफर टूनामेंट में दमदार अंदाज में शुरू हुआ। लेकिन इस मैच के बाद भारतीय कप्तान रोहित शर्मा यहां की पिच को लेकर थोड़े परेशान दिखे।

आयरलैंड पर आठ विकेट से आसान जीत के बाद टूनामेंट की शानदार शुरूआत करने वाले भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि उनकी टीम रविवार को पाकिस्तान के खिलाफ होने वाले मुकाबले में इसी तरह की परिस्थितियों में खेलने के लिए तैयार रहेगी। बुधवार को नासाउ काउंटी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी। भारतीय तेज गेंदबाजी आक्रमण ने पूरी तरह से इस मुकाबले को भारत की झोली में डाल दिया, जहां पर अपने पहले ही स्पेल में अर्शदीप सिंह ने दो विकेट निकालकर आयरलैंड की मुश्किलें बढ़ा दीं।

दूसरे एंड पर मोहम्मद सिराज पूरी तरह से दबाव बनाए हुए थे। साथ ही हार्दिक पांड्या ने भी अपनी धारदार गेंदबाजी से बेहतरीन प्रदर्शन किया और तीन विकेट लेकर आयरलैंड के बड़े स्कोर की उम्मीद पर पानी फेर दिया। भारतीय टीम के सामने केवल 97 रनों का लक्ष्य था। जवाब में विराट कोहली के रूप में भारत को पहला झटका लगा।

यहां पर बिना अभ्यास मैच खेले विराट कोहली (1) पहली बार अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में रोहित के साथ ओपनिंग कर रहे थे। रोहित अर्धशतक लगाकर रिटायर हर्ट और ऋषभ पंत ने नाबाद 36 रन बनाकर टीम की जीत पक्की की। अब टीम इंडिया 9 जून को इसी मैदान पर पाकिस्तान से भिड़ेगी।

मैच खत्म होने के बाद रोहित ने कहा, मुझे नहीं पता कि पाकिस्तान के खिलाफ क्या उम्मीद करनी चाहिए।

हम परिस्थितियों के हिसाब से तैयारी करेंगे। यह ऐसा मैच होगा जिसमें पूरी टीम एक साथ आएगी और अपना योगदान देंगे।



# जो बाइडन ने पीएम मोदी से फोन पर क्या बात की? जीत की दी बधाई

**वाशिंगटन।** लोकसभा चुनाव 2024 के नतीजे आ चुके हैं। भाजपा नीत एनडीए बहुमत हासिल करने के बाद अब सरकार बनाने की प्रक्रिया में जुट चुकी है। नरेंद्र मोदी एक बार फिर देश के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण करेंगे। मंगलवार को जारी रुझानों के बाद दुनिया भर के नेता पीएम मोदी को बधाई दे रहे हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने भी फोन पर पीएम मोदी को जीत की बधाई दी। इस बीच दोनों नेताओं ने अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवान की नई दिल्ली की आगामी यात्रा को लेकर चर्चा की।

इससे पहले जो बाइडन ने पीएम मोदी और एनडीए को लोकसभा चुनाव में ऐतिहासिक जीत हासिल करने पर बधाई दी। अमेरिका के व्हाइट हाउस ने एक बयान जारी कर कहा, राष्ट्रपति जो बाइडन ने आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और एनडीए को लोकसभा चुनाव में ऐतिहासिक जीत की बधाई दी। बाइडन ने सबसे बड़े लोकतांत्रिक प्रक्रिया में





आगे बढ़कर भाग लेने के लिए भारतीय नागरिकों की भी सराहना की।

दोनों नेताओं ने भारत-अमेरिका के बीच रिश्तों को और मजबूत करने पर जोर दिया। बयान में आगे कहा गया, दोनों नेताओं ने अमेरिका-भारत व्यापक और वैश्विक रणनीतिक साझेदारी को गहरा करने और स्वतंत्र और समृद्ध भारत-प्रशांत क्षेत्र के अपने साझा दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने की अपनी प्रतिबद्धता पर जोर दिया। दोनों नेताओं के बीच अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवान की नई दिल्ली की आगामी यात्रा को लेकर भी चर्चा हुई।

### पीएम मोदी ने दी प्रतिक्रिया

राष्ट्रपति बाइडन की बधाई पर पीएम मोदी ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा, मेरे मित्र राष्ट्रपति जो बाइडन के फोन कॉल से खुशी हुई। मैं उनकी बधाई और भारतीय लोकतंत्र के प्रति उनकी सराहना को बहुत महत्व देता हूं। उन्होंने आगे कहा, भारत-अमेरिका व्यापक वैश्विक साझेदारी आने वाले वर्षों में नए मील के पत्थर के रूप में साबित होंगे। हमारी साझेदारी मानवता के हित और वैश्विक भलाई के लिए एक ताकत बनी रहेगी।

जो बाइडन ने इससे पहले सोशल मीडिया एक्स पर भी पीएम मोदी को जीत की बधाई दे चुके हैं। राष्ट्रपति बाइडन ने कहा, इस ऐतिहासिक जीत पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, एनडीए और 650 मिलियन मतदाताओं को बधाई। भविष्य की अपार संभावनाओं के लिए दोनों देश एक साथ काम कर रहे हैं। इसी के साथ दोनों देशों के बीच दोस्ती भी बढ़ती जा रही है।

बता दें कि लोकसभा चुनाव में भाजपा नीत एनडीए ने 293 सीटों पर जीत हासिल की। वहीं इंडी गठबंधन भी बहुमत से ज्यादा दूर नहीं था। इंडी गंठबंधन को 234 सीटों पर जीत मिलीं। भाजपा नीत एनडीए की लगातार तीसरी बार जीत के साथ नरेंद्र मोदी एक बार फिर प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं। नौ जून को नरेंद्र मोदी पीएम पद की शपथ लेंगे।

# कनाडा और भारत तनाव के बीच पीएम ट्रूडो ने पीएम मोदी को जीत की दी बधाई

**ओटावा।** लोकसभा चुनाव 2024 के नतीजे आ चुके हैं। 240 सीटों के साथ भाजपा सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। भाजपा नीत एनडीए बहुमत हासिल करने के बाद अब सरकार बनाने की प्रक्रिया में जुट चुकी है। नरेंद्र मोदी एक बार फिर देश के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण करेंगे। उम्मीद जताई जा रही है कि नौ जून को सपथ ग्रहण समारोह हो सकता है, ऐसे में दुनियाभर के नेता मोदी को बधाई दे रहे हैं। सबसे बड़ी बात है कि भारत और कनाडा के रिश्तों में आई तल्खी के बीच प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने नरेंद्र मोदी को जीत की बधाई दी।

### कनाडा के पीएम ने लगाए थे आरोप

कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने पिछले साल सितंबर में कनाडा की संसद में बयान जारी कर आरोप लगाया था कि निज्जर की हत्या में भारत के एजेंट्स का हाथ है। भारत ने कनाडा के आरोपों को बेबुनियाद बताकर खारिज कर दिया था। इस घटना के बाद दोनों देशों के रिश्तों में

**कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने कहा- आपकी सरकार के साथ...**



तनाव आ गया। निज्जर हत्याकांड पर भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने राज्यसभा को बताया था कि कनाडा ने अभी तक कोई पुख्ता सबूत नहीं दिए हैं।

प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने बुधवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर शुभकामनाएं देते हुए कहा, 'नरेंद्र मोदी को चुनाव में जीत के लिए बधाई।' उन्होंने आगे कहा कि कनाडा मानवाधिकारों, विविधता और कानून के शासन के लिए हमारे देशों के लोगों के बीच संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए उनकी सरकार के साथ काम करने के लिए तैयार है।

### 21 नेताओं हस्ताक्षर करके मोदी को गठबंधन का नेता स्वीकार किया

एक दिन पहले ही एनडीए ने सर्वसम्मिति से नरेंद्र मोदी को अपना नेता मान लिया है। नई दिल्ली में बुधवार को हुई बैठक में एनडीए के 21 नेताओं ने एक पत्र पर हस्ताक्षर करके मोदी को अपना नेता स्वीकृत किया है। जिससे नरेंद्र मोदी के एक बार फिर से प्रधानमंत्री बनने का रास्ता साफ हो गया है। बैठक में सभी नेताओं ने प्रधानमंत्री मोदी को पिछले 10 सालों में उनके कार्यकाल और देश में विकास कार्यों के लिए उन्हें बधाई भी दी है। भारत निर्वाचन आयोग ने मंगलवार को लोकसभा 2024 के चुनाव परिणाम को घोषित किया। जिसमें भाजपा को सबसे ज्यादा 240 सीटें और इसके बाद दूसरे नंबर पर 99 सीटों के साथ कांग्रेस दूसरे नंबर पर रही। हालांकि पिछली बार की अपेक्षा इस बार के चुनाव में भाजपा को 32 सीटों का नुकसान हुआ है। 2014 के बाद ऐसा पहली बार हुआ जब भाजपा को पूर्ण बहुमत नहीं मिली है।



# भारतीय मूल की सुनीता विलियम्स ने तीसरी बार भरी अंतरिक्ष के लिए उड़ान

**ह्यूटन।** भारतीय मूल की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स इतिहास रचा है। उन्होंने एक बार फिर अंतरिक्ष के लिए उड़ान भरी। सुनीता तीसरी बार अपने एक सहयोगी के साथ अंतरिक्ष के लिए रवाना हुई हैं। दोनों ने बोइंग कंपनी के स्टारलाइनर यान से अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन की यात्रा की है। इसके साथ ही दोनों ने इतिहास रचा है।

### 5 जून को शुरू हुआ सुनीता का अंतरिक्ष अभियान

सुनीता विलियम्स का स्टारलाइनर अभियान 5 जून को केप कैनावेरल अंतिक्ष स्टेशन से शरूहुआ। भारतीय समयानुसार यह अभियान रात 8 बजकर 22 मिनट पर शुरू हुआ। यह यान अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन में 6 जून रात 9 बजकर 45 मिनट पर पहुंचेगा। इस अभियान में विलियम्स के साथ उनके सहयोगी बुच विल्मोर भी गए हैं।

### ऐसा करने वाली पहली महिला अंतरिक्ष यात्री बनीं



बताया गया है कि बोइंग स्टारलाइनर यान की उड़ान में कई बार, कई वजहों से दरी हुई। आखिरकार, फ्लोरिडा के केप कैनवेरल स्पेस फोर्स स्टेशन से इस यान की रवानगी हुई। इस तरह के मिशन पर जाने वाली सुनीता विलियम्स दुनिया की पहली महिला अंतरिक्ष यात्री बन गईं हैं। मई 1987 में सुनीते ने अमेरिका की नौसेना अकादमी से प्रशिक्षण लिया था। इसके बाद वे अमेरिका की नौसेना से जुड़ीं थीं। 1998 में उन्हें नासा द्वारा अंतरिक्ष यात्री के रूप में चुना गया था। इससे पहले वर्ष 2006 और वर्ष 2012 में सुनीता विलियम्स अंतरिक्ष अभियानों का हिस्सा बन चुकीं हैं।

# चीन के दौरे पर पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ शेनजेन सिटी में किया बैठक को संबोधित

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ चीन के दौरे पर हैं। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग और अन्य नेताओं से मुलाकात के लिए पीएम शरीफ बीजिंग पहुंच चुके हैं। पाकिस्तानी प्रधानमंत्री के चीन के दौरा का मुख्य उद्देश्य दोनों देशों के बीच के संबंध को बेहतर करना, पाकिस्तान को आर्थिक संकट से बाहर निकालना और निवेश की संभावनाओं बातचीत करना है। बता दें कि पीएम शरीफ चार जून से ही चीन की पांच दिवसीय दौरे पर हैं। बुधवार को उन्होंने हाई-टेक सिटी शेनजेन का दौरा किया और निवेशकों की बैठकों को संबोधित भी किया।

शहबाज शरीफ इस दौरान चीन के प्रीमियर ली कियांग और अन्य नेताओं से भी मुलाकात करेंगे। वह यहां



पाकिस्तान-चीन मैत्री और व्यापार कार्यक्रम में भी शामिल होंगे। पीएम शरीफ चीन-पाकिस्तान आर्थिक कॉरिडोर पर काम करने वाले चीनी कंपनियों के सीईओ से भी मुलाकात करेंगे। दोनों देशों के बीच विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग पर कई समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर होने की भी संभावना है।

हाई-टेक सिटी शेनझेन में निवेशकों की बैठक को संबोधित करते हुए शहबाज शरीफ ने चीनी कर्मियों को आतंकी हमलों से सुरक्षा देने का आश्वासन दिया। दूसरी बार पाकिस्तान के प्रधानमंत्री के तौर पर शपथ लेने के बाद 72 वर्षीय शहबाज शरीफ अपनी पहली चीन यात्रा पर हैं। पाकिस्तान-चीन बिजनेस फोरम में शरीफ ने चीनी निवेशकों को पूरी सुविधा देने और पाकिस्तान में चीनी व्यक्तियों, परियोजनों और निवेशकों की सुरक्षा भी आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार पाकिस्तान में चीनी श्रमिकों की रक्षा के लिए कई सुरक्षा उपाए किए।

पाकिस्तानी प्रधानमंत्री ने कहा, मैं चीनी श्रमिकों की रक्षा के लिए कोई कसर नहीं छोडूंगा। मैं उन्हें आश्वासन और गारंटी देता हूं कि हम उन्हें अपने बच्चों से ज्यादा सुरक्षा प्रदान करेंगे।

# पारडुबिस में यात्री और कार्गो ट्रेन की टक्कर में चार की मौत, पीएम ने शोक जताया

**प्राग।** चेक गणराज्य पारडुबिस में एक यात्री ट्रेन और कार्गो ट्रेन की टक्कर में चार यात्रियों की मौत हो गई। इस हादसे 26 लोग घायल भी हुए हैं। क्षेत्रीय गवर्नर ने इस घटना की जानकारी दी। घटना के बाद बचावदल कर्मी मौके पर पहुंचे। इस घटना पर चेक गणराज्य के प्रधानमंत्री पेट्र फियाला ने शोक व्यक्त करते हुए इसे दुर्भाग्यपूर्ण बताया।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए पीएम फियाला ने कहा, ₹पारडुबिस में दो ट्रेनों की टक्कर एक बड़ा दुर्भाग्य है। हम सभी पीड़ितों और घायलों के बारे में सोच रहे हैं।₹

यात्री ट्रेन के विवरण को साझा करते हुए पारडुबिस के गवर्नर मार्टिन नेटोलिकी ने कहा कि इसका संचालन रेल कंपनी रेजियोजेट द्वारा किया जाता




था। उन्होंने फेसबुक पर पोस्ट करते हुए कहा, ₹रेजियोजेट ट्रेन और मालगाड़ी के बीच आमने-सामने की टक्कर में कई लोगों की जान चली गई और दर्जनों घायल हो गए।₹

समाचार एजेंसियों ने इस घटना का फुटेज जारी किया। इस फुटेज के अनुसार, एक गाड़ी ट्रैक से हटती हुई दिखाई दे रही है। पुसिल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर तस्वीरें पोस्ट करते हुए आपातकालीन सेवा वाहनों की लाइन और हेलीकॉप्टर दिखाया।

रेलवे विभाग के अग्निशमन विभाग के प्रवक्ता ने बताया कि कई यात्री गंभीर रूप से घायल हैं।

# भारतीय-अमेरिकी व्यक्ति पर लगा घृणा अपराध का आरोप, हो सकती है 10 साल की जेल

**वाशिंगटन।** अमेरिका के टेक्सास में एक भारतीय-अमेरिकी व्यक्ति पर संघीय घृणा अपराध का आरोप लगाया गया है। दरअसल, व्यक्ति पर एक सिख गैर-लाभकारी संगठन के कर्मचारी को धमकियां देने का भी आरोप है। आरोपी की पहचान 48 वर्षीय भूषण अठाले के तौर पर की गई है। न्याय विभाग की तरफ से जारी एक बयान में कहा गया कि भूषण अठाले को खतरनाक हथियार का इस्तेमाल करने की धमकी देने और संघ द्वारा संरक्षित गतिविधियों में हस्कतक्षेप करने का भी आरोप लगाया गया है। इस मामले में उन्हें अधिकतम 10 साल की सजा हो सकती है।



बयान में कहा गया कि अंतरराज्यीय धमकी भेजने के लिए भी उन्हें पांच साल की सजा हो सकती है। इन दोनों आरोपों में उन्हें 250,000 अमेरिकी डॉलर का जुमार्ना भी लग सकता है। बता दें कि 17 सितंबर 2022 में अठाले के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। शिकायत में बताया गया था कि अठाले ने एक ऐसे नंबर पर फोन किया था, जो अमेरिका में सिखों नागरिक अधिकार की रक्षा करता है। अठाले ने कुल सात वॉइस नोट भेजे, जिसमें सिखों के प्रति अत्यधिक घृणा व्यक्त की गई। इस साल मार्च में भी अठाले ने एक वॉइसमेल छोड़ा, जिसमें उन्होंने सिखों के साथ मुस्लिमों को भी निशाना बनाया। न्याय विभा ने बताया कि अठाले का धार्मिक-आधारित टिप्पणियां और धमकियां देने का लंबा इतिहास रहा है। इससे पहले भी उसने एक नेटवर्किंग साइट का इस्तेमाल कर कहा था कि वह पाकिस्तान और

# भारत के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करते रहना ही हमारी प्राथमिकता : मैथ्यू मिलन

**वाशिंगटन।** अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने कहा है कि नरेंद्र मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद अमेरिका भारत के साथ स्वतंत्र, सुरक्षित, समृद्ध हिंद-प्रशांत क्षेत्र बनाने पर काम करता रहेगा। यह उनकी प्राथमिकता बनी रहेगी। मंत्रालय के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने पीएम मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल भेजने की योजना पर कहा, फिलहाल कोई एलान नहीं किया जा सकता, लेकिन इसके लिए तैयार रहें।

भारत के साथ आर्थिक मामलों पर काम करने से जुड़े एक सवाल पर अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने कहा, दोनों देशों के बीच लोगों के बीच संबंधों को गहरा करने के लिए विदेश मंत्रालय लगातार काम कर रहा है। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा, अमेरिका भारत के साथ



**अमेरिका भारत के साथ स्वतंत्र, सुरक्षित, समृद्ध हिंद-प्रशांत क्षेत्र सुनिश्चित करने पर काम करना जारी रखेगा। -मैथ्यू मिलर**

स्वतंत्र, सुरक्षित, समृद्ध हिंद-प्रशांत क्षेत्र सुनिश्चित करने पर काम करना जारी रखेगा। यह उनकी प्राथमिकता बनी रहेगी।

भारत में लोकसभा चुनाव 2024 के नतीजों के बाद एक बार फिर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की सरकार बनने का रास्ता साफ हो चुका है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आठ मई को शपथ लेंगे। भारत की तरफ से कई विदेशी मेहमानों को न्यौता भेजा जा रहा है। यह पूछे जाने पर कि क्या अमेरिका प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शपथ ग्रहण समारोह के लिए कोई प्रतिनिधिमंडल भेजने की योजना बना रहा है? विदेश विभाग के प्रवक्ता मिलर ने कहा कि उनके पास अभी कोई घोषणा नहीं है, लेकिन इसके लिए तैयार रहें। आने वाले समय में इस पर एलान किया जा सकता है।

भारत और अमेरिका के बीच वार्षिक टू-प्लस-टू वार्ता पर मिलर ने कहा कि अमेरिका इसे आयोजित करना जारी रखेगा। हालांकि, फिलहाल इस पर अन्य विवरण साझा नहीं किया जा सकता। मिलर ने कहा, यह अमेरिका के लिए एक महत्वपूर्ण प्राथमिकता है।

भारत को दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र बताते हुए, अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने 2024 के लोकसभा चुनावों के सफल संचालन के लिए भारत सरकार, मतदाताओं और मतदान कर्मियों की सराहना भी की। मिलर ने कहा कि पिछले छह हफ्तों में हुए चुनाव दुनिया के इतिहास में लोकतंत्र का सबसे बड़ा अभ्यास थे। अमेरिका इस विशाल उपक्रम के लिए भारत सरकार, मतदाताओं और मतदान कर्मियों की सराहना करता है।

# इस्राइली सेना ने गाजा में एक स्कूल के अंदर हमास के ठिकानों को बनाया निशाना, 32 की मौत

**यरुशलम।** इस्राइल की सेना ने गुरुवार को बताया कि उन्होंने गाजा पट्टी में एक स्कूल के अंदर हमास के ठिकानों को निशाना बनाया। हमास से जुड़े मीडिया ने इस हमले का जिक्र करते हुए कहा कि कम से कम 32 लोगों की मौत हो गई, जबकि दर्जनों घायल हैं। यह हमला गुरुवार की सुबह नुसीरत क्षेत्र में किया गया। हालांकि, इस हमले के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं दी गई है। स्थानीय मीडिया ने इस हमले में कम से कम 39 लोगों के मरने की सूचना दी। वहीं, फलस्तीन न्यूज एजेंसी ने बताया कि इस हमले में 32 लोगों की मौत हुई है।

इस्राइली सेना ने बताया कि उनके लड़ाकू विमानों ने फलस्तीनियों को सहायता प्रदान करने वाली संयुक्त राष्ट्र एजेंसी द्वारा संचालित स्कूल पर हमला किया। हमले के बाद इस्राइली सेना ने बिना सबूत पेश किए दावा किया कि






हमास और इस्लामिक जिहाद ने स्कूल को अपने अभियानों के लिए कवर के तौर पर इस्तेमाल किया। सेना ने बताया कि हमले से पहले नागरिकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए, जिसमें हवाई निगरानी और अतिरिक्त खुफिया जानकारी शामिल हैं।

बता दें कि नुसीरत शरणार्थी कैंप गाजा पट्टी के बीचोबीच में स्थित है। यह 1948 में अरब-इस्राइल युद्ध के समय का बना हुआ फलस्तीनी शर्णार्थी शिविर है। इस्राइली सेना ने स्कूल का एक ग्राफिक प्रकाशित किया, जिसमें स्कूल की छत पर संयुक्त राष्ट्र लिखा हुआ था। इस ग्राफिक में स्कूल के उपरी मंजिल को निशाना बनाकर किए गए हमले का भी विवरण था।

### पिछले साल से जारी है इस्राइल-हमास संघर्ष

पिछले साल सात अक्तूबर को हमास ने इस्राइल में घुसकर हमले किए, जिसमें लगभग 1,160 लोगों की मौत हो गई थी। मरने वालों में ज्यादातर इस्राइली नागरिक ही शामिल थे। हमले के बाद हमास के आतंकी 250 से ज्यादा इस्राइली और विदेशियों को बंधक बनाकर गाजा ले गए। हालांकि, इस संघर्ष के बीच हमास ने कुछ बंधकों को रिहा भी कर दिया था, लेकिन इस्राइल का मानना है कि अभी भी 99 बंधक हमास के कब्जे में हैं।

# घटती जन्म दर से परेशान जापान

**टोक्यो।** आपको जानकर हैरानी होगी कि तेजी से बढ़ती आबादी के बावजूद दुनिया के कई ऐसे देश हैं, जहां जन्मदर घटती जा रही है। ऐसे में इन देशों की सरकार ज्यादा बच्चे पैदा करने पर जोर दे रही है। इसके लिए नए-नए पैतरे आजमाए जा रहे हैं। अब जापान में टोक्यो प्रशासन देश की घटती जन्म दर से निपटने के लिए एक कदम उठाने जा रहा है। यहां सरकार जल्द ही एक डेटिंग एप लॉन्च करने वाली है। इस कदम की स्पेसएक्स के सीईओ एलन मस्क ने तारीफ की है। उन्होंने कहा कि उन्हें बहुत खुशी है कि इस मुद्दे को गंभीरता से लिया जा रहा है।

बता दें, एक्स के मालिक मस्क हमेशा ही लोगों से ज्यादा से ज्यादा बच्चे पैदा करने के लिए आग्रह करते हैं। उनके खुद के 11 बच्चे हैं। साल 2021 में एक कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा था कि अगर लोग अधिक बच्चे पैदा नहीं करेंगे तो सभ्यता खत्म हो जाएगी। उस समय उनके छह बच्चे थे। एलन मस्क ने माइक्रोब्लॉगिंग साइट पर लिखा, 'मुझे खुशी है कि जापान सरकार इस मामले की अहमियत को पहचानती है।

# कैंसर से जूझ रहीं केट मिडलटन नहीं लौटेंगी शाही कामकाज पर

**लंदन।** ब्रिटेन के राजकुमार प्रिंस विलियम की पत्नी प्रिंसेस ऑफ वेल्स केट मिडलटन कैंसर से जूझ रही हैं और फिलहाल उनका इलाज चल रहा है। उम्मीद जताई जा रही थी कि कुछ दिनों में वह वापस शाही कामकाजों को देखने लगेंगी, लेकिन शायद अब ऐसा नहीं होगा। अमेरिकी मीडिया की मुताबिक मिडलटन शायद कभी अपने शाही कर्तव्यों पर वापस नहीं आएंगी।

### कार्यक्रमों में रहती थीं सबसे आगे

एक रिपोर्ट में सूत्रों का हवाला देते हुए कहा कि वह शायद कभी उस भूमिका में वापस नहीं आएंगी, जिसमें लोगों ने उन्हें पहले देखा था। एक समय था जब वेल्स की राजकुमारी अपने पति प्रिंस विलियम के साथ शाही कार्यक्रमों में सबसे आगे रहती थीं। अब अंदरूनी सूत्रों का कहना है कि केट ने हाल ही में कीमोथेरेपी करवाई है। इसलिए वह



वर्तमान में इस बात पर ध्यान दे रही हैं कि जब वह वापस आएंगी तो क्या कर पाएंगी।

पिछले महीने की शुरूआत में, एक सूत्र ने बताया था कि केट मिडलटन इस साल कोई शाही कामकाज में शामिल नहीं होंगी। सूत्र ने कहा था कि केट के लिए कोई प्लान नहीं है। वह शायद इस साल सार्वजनिक रूप से दिखाई नहीं दे सकती है। इस दावे के कुछ हफ्तों बाद अब एक रिपोर्ट सामने आई है, जिसमें कहा गया है कि 42 साल की मिडलटन सार्वजनिक रूप से दिखाई नहीं देंगी।

दरअसल, केट मिडलटन पेट की सर्जरी के लिए अस्पताल में भर्ती हुईं थी, लेकिन सर्जरी के दौरान ही उन्हें कैंसर से पीड़ित होने का पता चला। मार्च में केट मिडलटन ने सार्वजनिक बयान जारी कर कहा कि वह कैंसर का इलाज करा रही हैं और जब तक उनकी तबीयत ठीक नहीं हो जाती, वे सार्वजनिक जिम्मेदारियों से दूर रहेंगी।

### राजकुमारी को मिला जनता का अभूतपूर्व समर्थन

केट मिडलटन ने एक वीडियो संदेश जारी कर कहा था, मैं ठीक हूं और हर दिन मजबूत हो रही हूं। केट ने कहा था कि सर्जरी से उबरने के दौरान आपके समर्थन और शुभकामना संदेशों के लिए मैं व्यक्तिगत रूप से धन्यवाद कहना चाहती हूं।

## उफ! गर्मी







फोटो वरूण लहोरिया

# प्रचंड गर्मी में प्यास बुझाता है निशुल्क प्याऊ




**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** भारत में काफी प्रचंड गर्मी की तेज धूप गर्म हवा लहर के बीच साहिबाबाद क्षेत्र से राहगीर को राहत की खबर गाजियाबाद नगर निगम के आदेशानुसार और गाजियाबाद के तत्कालीन सांसद जनरल वी के सिंह के दूरदर्शिता सोच और निर्देशानुसार आम राहगीर को साफ शुद्ध ठंडा पानी फ्री पीने की सोच को सफल करता हुआ। वैशाली मेट्रो स्टेशन के निकट प्याऊ जो छः सालो निरन्तर आमजन राहगीर हेतू साफ शुद्ध शीतल निशुल्क पेयजल उपलब्ध करा रहा है लगातार दो और प्याऊ साहिबाबाद सब्जी मंडी रोड समीप स्थित और मोहन नगर पुलिस उपायुक्त कार्यालय के साथ पर प्याऊ जो एक साल से निरंतर निशुल्क शुद्ध शीतल पेय जल पिलाई जा रही इतने भीषण गर्मी 46 डिग्री तापमान मे भी इतने भारी संख्या मे हमेशा लगातार आम जन राहगीर शुद्ध शीतल पेय जल निशुल्क पानी पी-पी कर अपना आशीर्वाद नगर निगम व व्यवस्थापक को देते नही थकते ।

# बिजनेसमैन को धमकाने पर एफआईआर



**गाजियाबाद(करंट क्राइम)।** गाजियाबाद में प्रॉपर्टी डीलिंग का काम करने वाले अंकुर भाटी नामक व्यक्ति पर धमकी देने की एफआईआर दर्ज हुई है। रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन के होने वाले चुनावों को लेकर रस्साकशी चल रही है। इस बीच अंकुर ने निवर्तमान अध्यक्ष का नाम लेकर कंस्ट्रक्शन बिजनेसमैन को धमकाया। पुलिस ने इस मामले में जांच शुरू कर दी है। गंगा यमुना हिंडन अपार्टमेंट, सिद्धार्थ विहार में संजय प्रताप सिंह रहते हैं। संजय कंस्ट्रक्शन सेक्टर में सेल-परचेज का बिजनेस करते हैं। उन्होंने बताया किसी काम से गौर सिटी जा रहे थे। तभी रास्ते में इसी सोसाइटी में रहने वाले अंकुर भाटी नामक शख्स ने उनको रोक लिया। अंकुर भी प्रॉपर्टी का काम करता है। संजय प्रताप सिंह के मुताबिक, अंकुर भाटी ने आरडब्ल्यूए के निवर्तमान अध्यक्ष यतेंद्र नागर का नाम लेकर उन्हें धमकाया। ये भी कहा कि यतेंद्र नागर ने 6 मर्डर किए हुए हैं। उन पर 35 मुकदमे दर्ज हैं।

### धमकी देने की वीडियो पुलिस को उपलब्ध कराई

संजय प्रताप ने अंकुर द्वारा धमकी देते हुए एक वीडियो भी पुलिस को उपलब्ध कराई है। इसमें अंकुर ये कह रहा है कि लोनी क्षेत्र के भाजपा विधायक नंदकिशोर गुर्जर कभी यतेंद्र नागर की सफारी कार के ड्राइवर हुआ करते थे। अंकुर ने 2012 के विधानसभा चुनाव में शहर सीट से भाजपा प्रत्याशी अतुल गर्ग को जान बूझकर हरवाए जाने जैसी बातें भी कही हैं। बता दें कि अतुल गर्ग अब गाजियाबाद से भाजपा के सांसद हैं।

# आईएमएस यूनिवर्सिटी कोर्सेज कैंपस के कंप्यूटर साइंस विभाग ने निकाला रेलवे प्रोटेक्शन फोर्स (आरपीएफ) की ऑफिशियल वेबसाइट में बग



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** आध्यात्मिक नगर स्थित आईएमएस यूनिवर्सिटी कोर्सेज कैंपस शिक्षा क्षेत्र में लगातार आगे बढ़ता रहा है और नई ऊंचाइयों हासिल करता रहा है ।

इसी क्रम को जारी रखते हुए बताते हुए बड़ा हर्ष हो रहा है कि संस्थान के कंप्यूटर साइंस विभाग की प्रोफेसर पूर्णिमा गुप्ता एवं विभागाध्यक्ष डॉ. गगन वार्ष्णेय के नेतृत्व में अपने छात्र विश्वजीत राय के साथ मिलकर रेलवे प्रोटेक्शन फोर्स (आरपीएफ) की ऑफिसियल वेबसाइट में बग निकाला है। कंप्यूटर साइंस विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. गगन वार्ष्णेय ने खुशी जताई प्रोफेसर पूर्णिमा द्वारा इस बग की जानकारी सर्ट-इन को दी गयी जिनके द्वारा इस बात पर तुरंत संज्ञान लेकर इस बग को फिक्स कर दिया गया है। इस महत्वपूर्ण जानकारी के लिए सर्ट-इन द्वारा संस्थान एवं प्रोफेसर पूर्णिमा गुप्ता का धन्यवाद किया गया एवं प्रशंसा पत्र भी प्रदान किया। आईएमएस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के महासचिव सीए (डॉ.) राकेश छारिया ने सभी को शुभकामनाएं दीं।

संस्थान के निदेशक डॉ. अरुण कुमार सिंह ने इस शानदार उपलब्धि के लिए आईएमएस गाजियाबाद की सम्पूर्ण टीम को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि यह फैकल्टी की अपने काम के प्रति लगन और छात्र एवं छात्राओं को गुणात्मक शिक्षा प्रदान करने के प्रति प्रतिबद्धता का परिणाम है। कंप्यूटर साइंस विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. गगन वार्ष्णेय ने हर्ष व्यक्त किया।

## स्वागत



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद जनपद के नवनिर्वाचित सांसद उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री रहे, दूसरी बार के विधायक अतुल गर्ग का अभिनंदन करने उनके आवास पर जनपद गाजियाबाद से प्रदीप गहलोत, गौरव वाल्मीकि मुरादनगर, शक्ति जीनवाल गाजियाबाद, प्रवीण गहलोत गाजियाबाद, लोनी नगर पालिका मुरादनगर नगर पालिका धौलाना विधानसभा से सैकड़ों लोग पहुंचे और अपने सांसद का स्वागत किया। साहिबाबाद विधानसभा से सूरज वाल्मीकि सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ पहुंचे ।

## जीत का जश्न



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वार्ड 80 से मंडल उपाध्यक्ष नरेंद्र शर्मा वार्ड के अध्यक्ष प्रेम भारद्वाज, मंडल संयोजक नितिन बंसल, हरीश शर्मा ने महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा के नेतृत्व में गाजियाबाद लोकसभा चुनाव की जीत व एनडीए की पूर्ण बहुमत पर मिठाई खिलाकर बधाई दी।

# चौदह साल से फरार चल रहा आरोपी पटना से किया गिरफ्तार



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद से 14 साल से फरार चल रहे 50 हजार का इनामी बदमाश राजकुमार पांडेय को नोएडा एसटीएफ ने पटना से गिरफ्तार कर लिया। एसटीएफ उसको लेकर गाजियाबाद पहुंची। यहां मुरादनगर थाने के एक मुकदमे में उसको जेल भेज दिया गया है। राजकुमार गाजियाबाद से भागकर पटना में नगर पालिका की ठेकेदारी कर रहा था।

पहले दवाइयां बेचीं, फिर वाहंन चोरी धंधे से जुड़ा एसटीएफ नोएडा के एसपी राजकुमार मिश्रा ने बताया, राजकुमार पांडेय पटना में बुद्धा कॉलोनी का रहने वाला है। 52 वर्षीय राजकुमार ने ग्रेजुएट किया है। पढ़ाई के बाद साल-2001 से 2005 तक इसने दवाई बेचने का काम किया। इसके बाद बिहार मेडिकल हॉल के नाम से दवाइयों की अपनी शॉप खोल ली। इसी दौरान उसकी मुलाकात छपरा के नगद नारायण से हुई। दोनों आपस में दूर के रिश्तेदार भी लगते थे। नगद नारायण के माध्यम से राजकुमार पांडेय की मुलाकात लखनऊ निवासी कर्नल एमपी सिंह से हुई। एमपी सिंह पहले से चोरी की गाड़ियां खरीदने-बेचने का काम करता था। जिसके बाद राजकुमार पांडेय भी इसी धंधे से जुड़ गया।

## शुभकामनाएं



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** बीजेपी सुशासन प्रभारी तरुण शर्मा ने नवनिर्वाचित लोकसभा सांसद अतुल गर्ग से मुलाकात की ओर उन्हे शानदार जीत की बधाई शुभकामनाएं दी। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने इस जीत को प्रत्येक कार्यकर्ता की जीत बताते हुए आभार व्यक्त किया।

# नोएडा में 15 भू-माफियाओं पर एफआईआर

## प्राधिकरण जेई ने दी थी भूमि पर अवैध निर्माण की शिकायत, सोरखा गांव की है जमीन




**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण की अधिसूचित एवं कब्जा प्राप्त भूमि पर अतिक्रमण करने के मामले में सेक्टर-113 थाने में 15 भूमाफियाओं के खिलाफ केस दर्ज हुआ है। केस नोएडा प्राधिकरण के अवर अभियंता की ओर से दर्ज कराया गया है। आरोप है कि नामजद आरोपियों ने प्राधिकरण द्वारा अधिसूचित एवं कब्जा प्राप्त भूमि पर सोरखा गांव में अतिक्रमण कर रखा है। बार-बार मना करने के बावजूद भूमाफिया मान नहीं रहे हैं। पुलिस ने अवर अभियंता की शिकायत पर केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### इन लोगों को नामजद करते हुए दर्ज हुई एफआईआर

पुलिस को दी शिकायत में अवर अभियंता निखिल मित्तल ने बताया कि सोरखा गांव जाहिदाबाद के खसरा संख्या-819 की अधिसूचित/अर्जित एवं कब्जा प्राप्त भूमि है। इस भूमि पर विकास यादव, चिन्नू यादव, अमित, सचिन, महेश, सुरेश, रिंकू, सचिन, चेतन यादव, सोनू पहलवान, मिंदर यादव, रोहित, निशू यादव, अनिल यादव और रामू ने जबरन अवैध अतिक्रमण कर रखा है। भूमि पर 31 मई 2024 को मौके पर भूलेख विभाग के उच्चाधिकारी एवं संबंधित लेखपाल व वर्क सर्किल-6 द्वारा अवैध निर्माण को रुकवाया गया।

### रात के अंधेरे में कराते थे अवैध निर्माण

आरोप है कि ये लोग रात के अंधेरे में अवैध रूप से निर्माण करा रहे हैं। इससे नोएडा का सुनियोजित विकास प्रभावित हो रहा है। विकास यादव समेत कई अन्य भूमाफियाओं पर पहले भी जमीन पर अवैध कब्जा करने के मामले में केस दर्ज हो चुका है। आरोप है कि कुछ लोग संगठित गिरोकर बनाकर अर्जित और कब्जा प्राप्त भूमि पर नियमों को दरकिनार करते हुए कब्जा कर रहे हैं।

### पहले भी ये लोग मारपीट कर कर चुके अवैध कब्जा

डीसीपी विद्यासागर मिश्र ने बताया कि शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। नामजद आरोपियों में कुछ के खिलाफ पूर्व में ब्रह्म कुमारी आश्रम की संचालिका रिचा गुप्ता द्वारा मारपीट करने और जमीन पर अवैध कब्जा करने के आरोप में तीन मुकदमे दर्ज कराए जा चुके हैं। माना जा रहा है कि पुलिस जल्द ही इस मामले में सख्त कार्रवाई करेगी।

# जेएमएस इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी गाजियाबाद ने छात्र-छात्राओं को कराया एचसीएल टैक नोएडा का औद्योगिक भ्रमण





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जेएमएस इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, गाजियाबाद (पूर्व नाम भगवती इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस) ने बीटेक कंप्यूटर साइंस एवं बीसीए के छात्र-छात्राओं को उनके चहुंमुखी विकास के लिए एचसीएल टैक नोएडा का औद्योगिक भ्रमण कराया, जिसमें दिग्गज कंपनी एचसीएल टैक द्वारा छात्र-छात्राओं को वर्तमान परिप्रेक्ष्य में चल रही आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी और उद्योगों के संचालन का अध्ययन करने का अवसर प्रदान किया। संस्था के सचिव डॉ. हिमांशु सिंहल ने बताया कि छात्र-छात्राओं को औद्योगिक भ्रमण कराने का उद्देश्य है उन्हें उद्योग के वास्तविक समय के माहौल से परिचित कराना, यह बताना कि उद्योग किस प्रकार डोमेन मानदंडों के आधार पर काम करता है, ग्राहक की क्या आवश्यकता है और उद्योग किस प्रकार प्रतिक्रिया करता है आदि। यह औद्योगिक दौरा छात्र-छात्राओं को विभिन्न विभागों के प्रमुख उद्योगों के साथ संवाद करने का अवसर भी प्रदान करेगा, जिससे उन्हें व्यापारिक मामलों को समझने में मदद मिलेगी।

### उद्योग की वास्तविक दुनिया से छात्रों का कराया परिचय

**करंट क्राइम।** संस्थान के निदेशक डॉ. अनिरुद्ध बिस्वास ने बताया कि इस प्रकार के दौरे छात्र-छात्राओं को व्यवसायिक उन्नति की दिशा में महत्वपूर्ण दिशा प्रदान करते हैं। जिससे वे उद्योग की वास्तविक दुनिया में अधिक सक्षम बनते हैं। छात्र-छात्राओं को व्यवसायिक संदर्भ में नई और उत्कृष्ट वैश्विक तकनीकी के प्रयोग की बारीकियों को सीखना आवश्यक है। इस दौरान मल्टीनेशनल टैक कंपनी एचसीएल टैक के टैक गुरु सौरभ कुमार ने डाटा साइंस और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की उभरती हुई तकनीक के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार एवं डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम टेक्निकल विश्वविद्यालय के संयुक्त सहयोग से एक महत्वपूर्ण प्रोग्राम लॉन्च किया है। जिसका विषय, सभी आधुनिक तकनीक को इंडस्ट्री में किस प्रकार उपयोग किया जाय, यह सिखाया जाएगा। जेएमएस इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी अपने छात्र-छात्राओं को सब अद्वितीय अवसर प्रदान करता है, जिनमें वह व्यावसायिक मामलों की दुनिया के बाहर देख सकते हैं और उनके अध्ययन को अधिक प्रासंगिक बनाने के लिए अनुभव कर सकते हैं। इस औद्योगिक भ्रमण के दौरान छात्रों ने नोएडा के प्रमुख उद्योगों और कंपनियों की स्थिति को जानने का सुनहरा अवसर पाया।

## करंट क्राइम



फोटो वरूण लहोरिया

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** मानसून से पहले घने पेड़ों के बीच ये ट्रांसफार्मर लापरवाही की निशानी तो है ही साथ ही ये किसी बड़े हादसे को भी न्योता दे रहा है। जिम्मेदार अधिकारी इस और ध्यान दे तो समय रहते किसी संभावित हादसे को रोक सकते हैं।

## चिन्टू जी




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** डॉक्टर अनिल तोमर हरफन मौला व्यक्ति है। चिकित्सा से लेकर शिक्षा तक और लाइफ को क्योर करने से लेकर सिक्योर करने में वो अपने टैलेंट का परिचय दे चुके हैं। देश की ये हस्ती इन दिनों विदेश में है। अबू धाबी से डॉक्टर अनिल तोमर का ये अंदाज और ये फेसबुक पोस्ट बनी है करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।